▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 109
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00


दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, रविवार 01 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611



सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती: केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने 'रन फॉर यूनिटी' को दिखाई हरी झंडी, राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' एकता के संकल्प का प्रतीक, युवा उनके जीवन-विचारों को करें आत्मसात: प्रल्हाद जोशी

जूम न्यूज • जयपुर

केन्द्रीय शिक्षा, खाद्य एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री प्रल्हाद जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर जयपुर में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रल्हाद जोशी ने कहा कि आज हम जिस 'एक भारत' को देख रहे हैं, उसके पीछे सरदार पटेल के कुशल नेतृत्व और अथक परिश्रम का ऐतिहासिक योगदान है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरदार पटेल के 'एक भारत' के संकल्प को 'श्रेष्ठ भारत' के रूप में साकार किया जा रहा है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने 500 से अधिक रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया। वहीं, राजस्थान के निर्माण में भी उनके योगदान को हमेशा याद किया जाना चाहिए। उन्होंने ही 30 मार्च, 1949 को वृहद राजस्थान को साकार किया था। सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए गुजरात के केवड़िया में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थापित की गई है, जो राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और एकता के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से प्रतिमा का अवलोकन करने और सरदार पटेल के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। रन फॉर यूनिटी में कई पदक विजेता खिलाड़ियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं, मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद मदन राठौड़, मंजू शर्मा, महापौर सुनील कोठारी, उप महापौर सरोज कंवर, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

युवा शक्ति ही सशक्त भारत का आधार, युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ रहे प्रधानमंत्री: भजनलाल शर्मा

ब्रीफ न्यूज

पुरी ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन



भोपाल। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को राज्यसभा प्रत्याशी के तौर पर मप्र विधानसभा में पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि तेलंगाना राज्य के निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना ने भी नामांकन दाखिल किया है। अब तक में मप्र से राज्यसभा के एक सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। 3 नवंबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। दो प्रत्याशियों की स्थिति में 12 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। मप्र राज्यसभा के लिए भाजपा से डॉ. एल मुरूगन निर्वाचित हुए थे। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल 2030 तक था।

उमर अब्दुल्ला ने निधि राजदान से शादी की

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पत्रकार निधि राजदान के साथ शादी कर ली है।



उन्होंने शनिवार को इंस्टाग्राम पर निधि राजदान के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि कल से एक नए सफर की शुरुआत हुई। उनकी यह शादी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी पहली पत्नी पायल अब्दुल्ला से तलाक को मंजूरी दिए जाने के करीब 3 महीने बाद हुई है। दरअसल कोर्ट ने उमर अब्दुल्ला और पायल की शादी खत्म की थी। का आदेश दिया था। उमर अब्दुल्ला और पायल अब्दुल्ला की शादी वर्ष 1994 में हुई थी। दोनों की मुलाकात दिल्ली के ओबेरॉय होटल में काम करने के दौरान हुई थी। इस शादी से उनके दो बेटे हैं, जिनके नाम जाहिर और जमीर हैं। दोनों वर्ष 2009 से अलग रह रहे थे। उमर अब्दुल्ला ने वर्ष 2011 में सार्वजनिक रूप से अपने अलगाव की जानकारी दी थी।

» अंदर विशेष

▪ रिटायर्ड बैंक अधिकारी को गाड़ी ने टक्कर मारी: फिर घसीटते हुए ले गई
...पढ़े पेज 2 पर

▪ जोधपुर मेडिकल कॉलेज- जूनियर्स ने फिर की रैगिंग की शिकायत
...पढ़े पेज 4 पर

एकता दिवस परेड में प्रधानमंत्री मोदी बोले

सरदार पटेल के फैसलों ने देश को एकजुट किया

- प्रधानमंत्री मोदी ने एकतानगर को दी 400 करोड़ रुपए की सौगात
- पर्यटन स्थल होंगे विशेष तो आकर्षित होंगे लोग, स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▸▸ एकता नगर

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुजरात के केवडिया में एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अहम भूमिका निभाई।



- आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट व ईको ट्रेल समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया
- पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं



'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' देखने एकतानगर में कई सुविधाएं बेहतर हुईं

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने एकतानगर में बड़ी सुविधाएं दी गई हैं। अब यहां घूमने, ठहरने और मनोरंजन की सुविधाएं बेहतर होने जा रही हैं। पीएम मोदी ने एकतानगर में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया और कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें 127 कमरों वाला आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल, नर्मदा घाट का विकास और जल-सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

ठहरने का खास विकल्प मिलेगा

स्टेशन के नजदीक होने से ट्रेन से आने वाले यात्रियों को यहां पहुंचने में आसानी होगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने अब तक 3 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। ऐसे में होटल की नई सुविधा से पर्यटकों को ठहरने का एक और ऑप्शन मिलेगा। इससे उम्मीद है कि लोग एकतानगर में अधिक समय बिताएंगे और आसपास के पर्यटन स्थलों को भी फायदा होगा।

रेनफॉरेस्ट, ईको ट्रेल और नर्मदा घाट का विकास

पर्यटन को बढ़ावा देने रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल से जुड़े प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं। नर्मदा घाट के उन्नयन और क्षेत्र में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था से भी खूबसूरती बढ़ाने की योजना है। पर्यटकों को बेहतर अनुभव देना क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से ज्यादा अट्रैक्टिव बनाना है। सीवेज और जल उपचार संयंत्र से साफ-सफाई और पानी के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।


राहुल बोले- 2024 लोकसभा चुनाव अवैध: विपक्ष की संसद 3.23 घंटे चली

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन-महाभियोग पास; 19 विपक्षी दलों के 215 सांसद मौजूद रहे

एजेंसी • नई दिल्ली

राहुल गांधी ने कहा SIR के जरिए 13.3 करोड़ यानी 15 फीसदी मतदाताओं के नाम हटाए गए। इनमें से कई ने 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। उस चुनाव में जीत का अंतर सिर्फ 3 फीसदी वोट था। राहुल शनिवार को दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर मॉक पार्लियामेंट को संबोधित कर रहे थे। यह संसद 3 घंटे 23 मिनट चली। पूर्व स्पीकर मीरा कुमार ने अध्यक्षता की।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जनमहाभियोग प्रस्ताव लाए। उन पर 6 आरोप लगाए गए। प्रस्ताव को सभी सांसदों ने पास कराया। कांग्रेस सहित 19 दलों के 215 सांसद शामिल हुए। जन महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं। यह सांकेतिक होता है।



राहुल ने कहा कि यह कितनी अजीब बात है कि CEC (मुख्य चुनाव आयुक्त) के महाभियोग पर चर्चा करने के लिए पूरे विपक्ष को बगीचे में बैठना पड़ रहा है, क्योंकि हमारे लिए बाकी सभी संस्थान बंद हैं। ज्ञानेश कुमार CEC के पद पर नहीं टिक पाएंगे; अगर हमारे खुलासे के बाद भी BJP उन्हें बनाए रखने पर अड़ी रहती है, तो हमें समझ आ जाएगा कि उनका क्या खेल है। बीजेपी भले ही चुनावों में धांधली करती रहे, लेकिन भारत की जनता और विपक्ष के सदस्य इसे न तो भूलेंगे और न ही माफ करेंगे। हालात बदल रहे हैं, इस बगीचे में एक नया राजनीतिक हथियार आ गया है और यह आपको बुरी तरह नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का पूरा समर्थन करता हूं; उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलना चाहिए और उन्हें न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए।

जयपुर: पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में 6th फ्लोर से कूदी MBA स्टूडेंट, मौत

छलांग लगाने से पहले दोस्तों से बात की, कुछ दिन पहले ही लगी थी जॉब

जूम न्यूज • जयपुर

जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में शनिवार सुबह एमबीए सेकंड ईयर की स्टूडेंट यशस्वी रोहिल्ला (23) ने छठी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। छात्रा डिजिटल मार्केटिंग में MBA कर रही थी। दो महीने पहले कैंपस प्लेसमेंट में एक निजी कंपनी में 7.25 लाख रुपए के पैकेज पर जॉब लगी थी। जयपुर के गुर्जर की थड़ी इलाके के प्रेम नगर की रहने वाली यशस्वी हादसे से कुछ सेकंड पहले दोस्तों से खुश होकर बात कर रही थी। फिर क्लास से निकलकर ऊपर चली गई थी। दोस्त उसे रोकने के लिए दौड़े, लेकिन वह उनके सामने ही कूद गई। शिवदासपुरा थाना पुलिस के अनुसार घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। शुरुआती जांच में मामला प्रेम-प्रसंग का नजर आ रहा है। एडिशनल डीसीपी (साउथ) ललित किशोर शर्मा ने बताया- महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।



विवि प्रबंधन बोला- छात्रा के परिजनों के साथ

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट वेलफेयर (DSW) के डीन डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया- पुलिस और एफएसएल टीम ने कॉलेज पहुंचकर सबूत जुटाए हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से जांच में पुलिस को पूरा सहयोग किया जा रहा है। घटना से स्टूडेंट्स में कोई भ्रम नहीं फैले इसीलिए छुट्टी की गई और एग्जाम स्थगित किए गए।

SHO राजेश गौतम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है। कॉलेज से छात्रा ने जिस नंबर पर कॉल किया था, उस नंबर का पता लगा रहे हैं। छात्रा का मोबाइल जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि छात्रा ने आखिरी में वॉट्सएप पर मैसेज किया था।

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने वायुसेना प्रमुख का पदभार संभाला

- 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाई, रणनीतिक योजना के लिए प्रसिद्ध

3500 घंटे की उड़ान का अनुभव, 20 से अधिक विमानों के माहिर पायलट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें 20 से अधिक तरह के विमानों पर 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान भरने का अनुभव है और वह एक कुशल फाइटर जेट पायलट हैं। रणनीतिक योजना के लिए पहचाने जाने वाले और 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाने वाले एयर चीफ मार्शल दीक्षित इससे पहले वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत थे।



नए वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित

कई अभियानों में सक्रिय भूमिका

लगभग चार दशक के अपने सेवाकाल के दौरान, एयर मार्शल दीक्षित कई अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, जिनमें ऑपरेशन सफेद सागर, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर शामिल हैं।

उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 2006 में वायु सेना पदक, 2011 में विशिष्ट सेवा पदक, 2023 में अति विशिष्ट सेवा पदक और 2026 में परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

1986 में वायुसेना की फाइटर यूनिट में हुए थे शामिल

29वें वायुसेना प्रमुख का पदभार संभालने वाले आशुतोष दीक्षित का जन्म 9 दिसंबर 1966 को हुआ। 6 दिसंबर 1986 को वायुसेना की लड़ाकू इकाई में शामिल हुए थे। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस स्टाफ सर्विस कॉलेज (बांग्लादेश) और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उनके पास मिराज-2000, मिग के विभिन्न संस्करण, किरण, जगुआर, आईएल-78, हॉक और तेजस समेत कई तरह के विमानों को उड़ाने का 3,500 घंटे से अधिक का व्यापक अनुभव है।

एक महीने में सोना 10700, चांदी 44-हजार रुपए सस्ती

जूम न्यूज • जयपुर



दिवाली से पहले सोने और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। राजस्थान में 30 दिन में स्टैंडर्ड सोना 10 हजार 700 रुपए प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ है, जबकि चांदी की कीमत में 44 हजार रुपए प्रति किलो की गिरावट आई है।

इसके बावजूद त्योहारी सीजन में सर्राफा बाजार को अपेक्षित रफ्तार नहीं मिल रही है। आम खरीदार फिलहाल सोने-चांदी में निवेश करने से बच रहे हैं। जयपुर सर्राफा बाजार की ओर से जारी ताजा भाव के अनुसार 24 कैरेट स्टैंडर्ड सोने की कीमत 1 लाख 42 हजार 200 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई है। वहीं 22 कैरेट जेवराती सोना 1 लाख 31 हजार 400 रुपए, 18 कैरेट सोना 1 लाख 10 हजार 800 रुपए और 14 कैरेट सोना 88 हजार 100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है।

जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया- दिवाली से पहले सोने-चांदी की कीमतों में इतनी गिरावट कभी नहीं हुई। इससे पहले इस त्योहार पर कीमतों में हमेशा बढ़ोतरी होती थी।

सरदार पटेल की जयंती पर बीकानेर में निकाली 'रन फॉर यूनिटी'



ज़ूम न्यूज • बीकानेर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर शनिवार को बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर पुलिस और बीकानेर रन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। वे स्वयं भी दौड़ में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। दौड़ कलेक्ट्रेट से शुरू होकर रविन्द्र रंगमंच, मेजर पूर्ण सिंह सर्किल, ब्रह्मकुमारी सर्किल, पंचशती सर्किल और महर्षि गौतम सर्किल होते हुए वापस कलेक्ट्रेट पहुंची। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने 565 रियासतों का भारत में विलय कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा और पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश ने भी सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए उन्हें राष्ट्र की एकता का प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर निशांत जैन, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, खिलाड़ी, पुलिसकर्मी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी और शहर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ब्रीफ न्यूज

पंचायती राज चुनावः मतदान दल 2 नवंबर को होंगे रवाना

ज़ूम न्यूज • बीकानेर

पंचायती राज चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए मतदान दल 2 नवंबर को सुबह 7 बजे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से रवाना होंगे। इससे पहले उन्हें अंतिम प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीसरे चरण में लूणकरणसर, श्रीडूंगरगढ़ और रीडी पंचायत समिति क्षेत्रों में जिला परिषद के 12, पंचायत समितियों के 63 सदस्यों सहित 112 सरपंच और 1080 वार्ड पंचों के चुनाव होंगे। इसके लिए 401 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 3,41,622 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 3 नवंबर तथा सरपंच और वार्ड पंचों के लिए 5 नवंबर को मतदान होगा। सरपंच पदों के लिए 4 नवंबर को नामांकन होंगे। मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी, जबकि 6 नवंबर को उपसरपंचों का चुनाव होगा।

एमजीएसयू में 'द लिटरेरी कम्पास' के छह खंडों का लोकार्पण



ज़ूम न्यूज • बीकानेर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में शनिवार को बीए अंग्रेजी साहित्य के पाठ्यक्रम पर आधारित पुस्तक श्रृंखला 'द लिटरेरी कम्पास' के छह खंडों का लोकार्पण कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने किया। सूर्य प्रकाशन मंदिर द्वारा प्रकाशित इस श्रृंखला के मुख्य संपादक प्रो. अविनाश जोधा हैं। इस अवसर पर कुलगुरु ने कहा कि विद्यार्थियों को सहज, सरल और प्रामाणिक अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाना उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रो. जोधा ने बताया कि श्रृंखला में बीए अंग्रेजी साहित्य के छह सेमेस्टर का संपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल है। इसमें साहित्यिक पृष्ठभूमि, सारांश, आलोचनात्मक अध्ययन, शब्दावली और अभ्यास प्रश्न दिए गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि 20 नवंबर तक एमए अंग्रेजी साहित्य की संपूर्ण पुस्तक श्रृंखला भी प्रकाशित की जाएगी। कार्यक्रम में प्रो. राजेंद्र पुरोहित, प्रो. जी.पी. सिंह, डॉ. मनीष महर्षि, डॉ. सुनीता नैन, डॉ. नीतू बिस्सा सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

रिटायर्ड बैंक अधिकारी को गाड़ी ने टक्कर मारीः फिर घसीटते हुए ले गई

बीकानेर की घटनाः कचरा संग्रहण करने वाले वाहन ने मारी थी टक्कर, हालत गंभीर; आरोपी ड्राइवर की तलाश

ज़ूम न्यूज • बीकानेर

बीकानेर में नगर निगम की कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ी ने एक रिटायर्ड बैंक अधिकारी को टक्कर मार दी। शनिवार सुबह गोकुल सर्किल के पास सफाई वाहन ने स्कूटर सवार बुजुर्ग को पीछे से टक्कर मार दी। इससे वे सड़क पर गिर गए, लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी रोकने की बजाय उन्हें करीब 100 मीटर तक घसीटा। हादसे में बुजुर्ग के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। ट्रोमा सेंटर में ऑपरेशन के बाद भी उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल वे वेंटिलेटर पर हैं। नयाशहर पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

जवाहर नगर निवासी केशव दत्त आचार्य शनिवार सुबह अपने स्कूटर से मंदिर दर्शन करने निकले थे। गोकुल सर्किल के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे सफाई वाहन ने उनके स्कूटर को



टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आचार्य सड़क पर गिर गए। इसके बावजूद वाहन चालक ने ब्रेक नहीं लगाए और उन्हें करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को सेटेलाइट हॉस्पिटल पहुंचाया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। हालांकि, घर पहुंचने के बाद उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उन्हें जीवन रक्षा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रोमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रोमा सेंटर में डॉ. दिनेश सोढ़ी और डॉ. कपिल पारीक ने ऑपरेशन किया। सिर में गंभीर चोट के चलते आचार्य को वेंटिलेटर पर रखा गया है। इस बीच सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने भी घायल की स्थिति को लेकर डॉ. कपिल पारीक से रिपोर्ट ली। नयाशहर पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है। पुलिस घायल के संबंध में रिपोर्ट लेने के साथ ही सफाई वाहन के ड्राइवर की पहचान करने में जुटी है।इसके लिए अभय कमांड सेंटर और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवान सिंह मेड़तिया ने कहा कि नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों से पहले भी हादसे हो चुके हैं। मेड़तिया ने कहा कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

पंचायतीराज चुनावः चूरू जिले में चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

पहले दिन 4 उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

ज़ूम न्यूज • चूरू

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिले में चौथे चरण की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। शनिवार को छह पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए लोक सूचना जारी की गई। पहले दिन चार उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के अनुसार चौथे चरण में सुजानगढ़, तारानगर पूर्व, तारानगर पश्चिम (भालेरी), रतनगढ़, चूरू और चूरू उत्तर पंचायत समितियों में चुनाव होंगे। पहले दिन सुजानगढ़ के वार्ड 12 से कांग्रेस के गणपत राम, तारानगर पूर्व के वार्ड 15 से निर्दलीय विनोद कुमार और चंद्रभान तथा रतनगढ़ के वार्ड 22 से निर्दलीय मैनपाल सिंह ने पर्चा भरा।

4 नवंबर तक होंगे नामांकन, 14 को मतदान

पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 4 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 5 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच और 6 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी होगी। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। मतदान 14 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतगणना 20 नवंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगी।

16 नवंबर को पंच-सरपंच के लिए मतदान

पंच और सरपंच पदों के लिए 15 नवंबर को सुबह 8 से 11 बजे तक नामांकन होंगे। इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच सुबह 11:30 बजे और नाम वापसी दोपहर 2 बजे तक होगी। मतदान 16 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। इसके बाद ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी। उपसरपंच का चुनाव 17 नवंबर को कराया जाएगा। इस बार पंचायत समिति सदस्य पद के लिए अधिकतम चुनाव खर्च सीमा 1.50 लाख रुपये और सरपंच पद के लिए 1 लाख रुपये तय की गई है। चुनाव लड़ने के लिए संतान संबंधी बाध्यता भी समाप्त कर दी गई है।

मासूम रोई चिल्लाई तो जान बची, रेपिस्ट को उम्रकैद

ज़ूम न्यूज • झुंझुनूं

झुंझुनूं में 4 साल 8 महीने की मासूम के साथ रेप के बाद हत्या का प्रयास करने वाले 24 साल के युवक को कोर्ट ने उम्रकैद दी है। आरोपी बच्ची को घर के बाहर से चॉकलेट दिलाने के बहाने ले गया था। रेप के बाद मारपीट कर गला दबा कर हत्या करने वाला था, इससे पहले ही मासूम की चीख सुन उसके घरवाले उसे ढूढ़ते हुए पहुंच गए। आरोपी को मौके पर पर ही पकड़ लिया। झुंझुनूं पॉक्सो स्पेशल कोर्ट के जज इसरार खोखर ने आरोपी पर 1 लाख 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है।

जज ने फैसले में लिखा- दोष सिद्ध होने के बाद दोषी पर उदारता नहीं दिखाई जानी चाहिए। इससे न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है और आमजन का विश्वास भी कमजोर होता है। APP सुरेंद्र भाम्बू ने बताया- मामला 14 अप्रैल 2026 का है। जज ने शुक्रवार को आरोपी को शुक्रवार को सजा सुनाई है। घटना के दिन मासूम अपने घर के बाहर खेल रही थी। युवक ने बच्ची को को चॉकलेट का लालच दिया और बहला-फुसलाकर उसे गांव के बाहर एक सुनसान खंडहर नुमा जगह पर ले गया। यहां उसने मासूम के साथ गलत हरकत की। इसके बाद बच्ची के साथ मारपीट कर गला दबा कर उसे मारने का प्रयास किया।

खाद वितरण में मारपीट के बाद समिति का लाइसेंस निलंबित

कुम्हारवाला जीएसएस का 15 दिन के लिए रद्द, व्यवस्थापक पर लापरवाही का आरोप

ज़ूम न्यूज • पूंगल (बीकानेर)

पूंगल क्षेत्र की कुम्हारवाला ग्राम सेवा सहकारी समिति का उर्वरक लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। 27 अक्टूबर को समिति में खाद वितरण के दौरान विवाद हुआ था। किसान सुरेन्द्र सिंह के साथ मारपीट हुई थी। इस मामले में समिति के व्यवस्थापक समेत 7 लोगों के खिलाफ पूगल पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने मामले की जानकारी मिलने के बाद कृषि पर्यवेक्षक से रिपोर्ट मांगी। रिपोर्ट के मुताबिक, समिति के व्यवस्थापक रामदेव दायमा 27 अक्टूबर को खाद बांटने के लिए समय पर नहीं पहुंचे थे। वे स्थानीय सरपंच के कार्यक्रम में व्यस्त थे, जबकि बड़ी संख्या में किसान उनका इंतजार कर रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यवस्थापक की लापरवाही से दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जो मारपीट तक पहुंच गया। इसके बाद संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार ने समिति का लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया।

क्रय-विक्रय सहकारी समिति के इंस्पेक्टर राजवीर सिंह ने बताया कि कुम्हारवाला जीएसएस में खाद वितरण के दौरान विवाद की जानकारी मिली है। कृषि पर्यवेक्षक ने मौके की रिपोर्ट विभाग को भेज दी है। आगे की कार्रवाई विभाग करेगा। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष शंभू सिंह राठौड़ ने कहा कि अभी रबी फसल की बुवाई का समय है और किसान खाद के लिए लाइन में लगे हैं। उन्होंने कहा कि व्यवस्थापक सरपंच के कार्यक्रम में व्यस्त थे, जो लापरवाही है। राठौड़ के मुताबिक, व्यवस्थापक के खिलाफ किसानों ने पहले भी शिकायतें की थीं।

राजस्थानी साहित्य के पुरोधा डॉ. भंवरसिंह सामौर का निधन

साहित्य जगत में शोक



ज़ूम न्यूज • चूरू/सुजानगढ़

राजस्थानी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार, कवि और इतिहासकार डॉ. भंवरसिंह सामौर का शुक्रवार को चूरू स्थित आवास पर हृदयाघात से निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। शनिवार को उनके पैतृक गांव बोबासर में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र डॉ. मानसिंह सामौर और पौत्र डॉ. हेमसिंह सामौर ने मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आसपास के गांवों के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। उनके निधन से राजस्थान के साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर है। साहित्यकारों और लेखकों ने इसे राजस्थानी भाषा के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार से हुए थे सम्मानित

15 अगस्त 1943 को बोबासर गांव में जन्मे डॉ. सामौर ने राजस्थान विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में एमए किया था। उन्होंने राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में हिंदी व्याख्याता और प्राचार्य के रूप में सेवाएं दीं। वे डिंगल और राजस्थानी भाषा के विशेषज्ञ थे तथा उन्हें राजस्थानी साहित्य की चलती-फिरती लाइब्रेरी कहा जाता था। उनकी राजस्थानी कृति 'संस्कृति री सनातन दीठ' को वर्ष 2020 में केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। इसके अलावा उन्हें कन्हैयालाल सेठिया मायड़ भाषा सेवा सम्मान, कविश्री काग बापू लोक साहित्य पुरस्कार, भाषा सेवा सम्मान और सुजला गौरव सम्मान सहित कई पुरस्कारों से नवाजा गया।

साहित्य के साथ समाजसेवा में भी रहा योगदान

डॉ. सामौर ने राजस्थानी संस्कृति, इतिहास और लोकचेतना को अपनी लेखनी के माध्यम से समृद्ध किया। उन्होंने बोबासर में 'लोकभारती भवन' के जरिए पुस्तकालय आंदोलन शुरू किया और राजस्थान व गुजरात के करीब 50 गांवों में पुस्तकालय खुलवाने में योगदान दिया। सूखे और अकाल के दौरान 'कोई भूखा न सोए' अभियान के तहत समाजसेवा शिविर भी चलाए। निधन के समय वे अपनी जीवनी लिखने में जुटे थे। उनका साहित्य और राजस्थानी भाषा के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

एनएसएस शिविर में नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया, इसके नुकसान भी बताए

ज़ूम न्यूज • सादुलपुर

राजकीय गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस इकाई प्रथम व नई किरण नशा मुक्ति केंद्र की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। नशा मुक्त युवा थीम पर एनएसएस के दूसरे एक दिवसीय शिविर में छात्राओं को नशे से दूर रहने के साथ समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

मुख्यवक्ता प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि व्यक्ति के विचार और उसकी मानसिक दृढ़ता ही उसे सही दिशा प्रदान करते है। मनुष्य का मन ही उसे रचनात्मक कार्यों की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने पंजाब और हरियाणा से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए युवाओं को सजग रहने की आवश्यकता बताई। केंद्र नोडल प्रभारी केहरसिंह ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता व सामूहिक भागीदारी जरूरी है। प्राचार्य डॉ. रघुबीर सिंह ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई के उन्मूलन में अपनी भूमिका निभाएं और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम अधिकारी हनुमान चौधरी के निर्देशन में दूसरे सत्र में छात्राओं ने एमपी कॉलोनी स्थित गोद ली गई बस्ती में पहुंचकर श्रमदान किया।

एसजेएम कॉलेज की छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने रन फॉर यूनिटी 2026 में लिया भाग



ज़ूम न्यूज • जयपुर। जयपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एसजेएम कॉलेज, जयपुर की छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने अर्जुन प्रतिमा, एसएमएस स्टेडियम से विधानसभा तक आयोजित रन फॉर यूनिटी 2026 में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस दौड़ में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा एवं शुद्धा मिश्रा सहित छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सभी ने तिरंगा हाथों में लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

ब्रीफ न्यूज


संयुक्त सचिव ने दूदू में पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण किया



ज़ूम न्यूज • दूदू

दूदू में शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव महेन्द्र कुमार खींची ने शनिवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल की पढ़ाई और प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में चल रही पढ़ाई, विद्यार्थियों की उपस्थिति और पीएम श्री योजना के तहत चल रहे कार्यक्रमों के बारे में पूछा। उन्होंने छात्रों से बात कर उनके शैक्षणिक स्तर और सीखने की प्रक्रिया की जानकारी ली। खींची ने शिक्षकों से छात्रों को अच्छी शिक्षा देने और उनके विकास के लिए नए तरीके से पढ़ाने को कहा। उन्होंने स्कूल में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं और पढ़ाई के माहौल पर संतोष जताया। उन्होंने स्कूल के नए भवन के निर्माण के लिए प्राचार्य रवि दायमा के प्रयासों की सराहना की। रवि दायमा ने कहा कि संयुक्त सचिव का निरीक्षण स्कूल के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का अवसर रहा। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य और सभी शिक्षक मौजूद रहे।

बाउंसरों ने शराब बोतल से किया हमला: युवक-युवती को पीटा



ज़ूम न्यूज • जयपुर

मालवीय नगर स्थित मोलिज क्लब में युवक और उसकी दोस्त के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। मामले में जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने क्लब मैनेजर और दो बाउंसर को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की ओर से क्लब के बाउंसरों और मैनेजर पर हमला करने के साथ सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने क्लब के बाउंसरों और मैनेजर पर धर्म को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने, जातिसूचक गालियां देने और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है और मामले में दोनों पक्षों के आरोपों की जांच की जा रही है। पीड़ित की ओर से दी गई FIR के अनुसार, खो नागोरियान निवासी कासिम अंसारी 20 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे अपनी दोस्त के साथ मालवीय नगर में वर्ल्ड ट्रेड पार्क के पीछे स्थित रेस्टोरेंट दावत के ऊपर बने मोलिज क्लब पहुंचा था। रात करीब 11 बजे क्लब का बाउंसर आनंद नाथा उसके पास आया और कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने लगा। इसके बाद बाउंसर महेश और मैनेजर शैलेन्द्र भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने जातिसूचक और अपमानजनक गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। कासिम का आरोप है कि बाउंसरों और क्लब के अन्य स्टाफ ने उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान सिर पर शराब की बोतलों से वार किए गए, जिससे उसकी आंखों में गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने उसकी करीब दो तोले की सोने की चेन भी छीन ली। आरोप है कि कासिम को बचाने पहुंची उसकी दोस्त के साथ भी बाउंसरों ने मारपीट की। शिकायत में आनंद, महेश और शैलेन्द्र पर अभद्रता और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया है। मारपीट में उसकी दोस्त की कमर पर चोटें आईं और उसकी सोने की नाक की बाली भी छीन ली गई।

गहलोत बोले- एसीबी में एक महिला अफसर सुपर डीजी: उसे इसलिए लगाया कि इशारा मिलते ही रगड़ाई करो; शिखर अग्रवाल केस की निष्पक्ष जांच नहीं होगी

ज़ूम न्यूज • जयपुर



पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने आईएएस शिखर अग्रवाल के एक ही कंपनी से 40 विला-कॉटेज खरीदने के मामले में सरकार पर सवाल उठाते हुए सीएम पर तंज कसा है। गहलोत ने शिखर अग्रवाल केस की एसीबी से निष्पक्ष जांच होने पर संदेह जताया है। उन्होंने कहा- एसीबी डीजी दबाव में हैं। एसीबी में एडीजी स्तर की एक महिला अधिकारी हैं। सुपर डीजी वही हैं। गहलोत शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- शिखर अग्रवाल को आपने खाली एपीओ कर दिया, आपने केस एसीबी में दर्ज कर लिया। अब अगर एसीबी तक केस रहेगा, निष्पक्ष जांच तक नहीं जाएगा। एफआईआर दर्ज नहीं होगी। अभी तो खाली पीई दर्ज हुई है, कुछ नहीं हुआ है। अब वो जांच करेंगे केस बनता या नहीं बनता। पूरे देशभर का मीडिया चिल्ला रहा है, ये अभी तक पीई में लगे हुए हैं। कब तो पीई से FIR में कन्वर्ट होगी। एफआईआर के बाद में किस प्रकार से आप बिहेव करोगे। डीजी के ऊपर कितना दबाव आएगा। डीजी तो दबावों में दबे हुए हैं। गहलोत ने कहा- एसीबी डीजी बहुत भले आदमी हैं। महेश जोशी के केस में वो ऊपर के दबाव से इतने दब गए। कहा गया कि केस नहीं बनता है, अरेस्ट नहीं कर सकते तो उन्होंने कहा कि मैं कुछ नहीं जानता, ऊपर से दबाव है। अशोक गहलोत ने कहा- वो हुक्म चलाती हैं, अधिकारियों को डांटती हैं, फटकारती हैं। केस बन जाते हैं। जिसको टारगेट करना होता है, टारगेट करने के लिए ही मैं समझता हूं महिला एडीजी को लगाया है।

'तुम वहां बैठो और रगड़ाई करो'

गहलोत ने कहा- महिला एडीजी को लगाया ही इसलिए कि जिनको इशारा करें, तुम वहां बैठो और रगड़ाई करो। डीजी साहब तो भले आदमी हैं, ये ज्यादा कह नहीं पाएंगे। इनका नेचर बोलने का नहीं, ज्यादा डांटने का नेचर नहीं है। आप सोच सकते हो, लोगों और बेचारों की रगड़ाई हो रही है। निर्दोष लोग फंस रहे हैं। हम चाहते हैं दोषी को आप भले ही कितनी बड़ी सजा दो, हम गर्व महसूस करेंगे। दुर्भाग्य से ये डीजी साहब और वो डीजी साहब, दोनों एक ही मायने के हैं। दोनों भले हैं। मेरे तो अच्छे संपर्क हैं, वो अलग बात है। डीजी साहब को दबाव में काम करने से मुक्त होना चाहिए।

थप्पड़बाजी की घटना हुई यह साबित हो गया, शिखर भी वहां थे

पूर्व सीएम ने कहा- एसीबी भी इनकी है, मुख्यमंत्री के अधीन है। मुख्यमंत्री के ऊपर जो आरोप लगा है, उनकी अध्यक्षता में मीटिंग होकर फैसला हुआ है। उसमें मुख्यमंत्री के सबसे नजदीकी अफसर शिखर अग्रवाल ही रहे थे। जो किस्सा मैं सुना रहा हूं बार-बार कि झगड़ा हुआ, थप्पड़बाजी हुई या क्या हुआ? वो या तो मुख्यमंत्री खुद बताएं या उस वक्त जो शामिल थे। उसमें वहां पर ये अधिकारी (शिखर अग्रवाल) भी साथ खड़े थे। उस वक्त के आईजी श्रीवास्तव वो थे या और कोई इनके परिवार के लोग थे, वो बता सकता है। मैं कैसे बता सकता हूं? घटना हुई है। ये तो सिद्ध हो गया है, इनके खुद के लोग कहने लग गए हैं।

पत्रकारों के लिए फ्लैट 75 लाख, शिखर के लिए विला 15 लाख का

गहलोत ने कहा- आप 6 करोड़ में 40 विला की संपत्ति खरीद लो। कल मैंने सुना उनके परिवार में (विक्रेता के) किसी ने कहा है कि 15 लाख में ही देते हैं। मैंने कहा हमारे कुछ लोग जाकर मांगे 15 लाख में एक करोड़ के विला। हमारे मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को कहा है कि आप 75 लाख दीजिए और आपको फ्लैट देंगे। पत्रकारों के लिए तो 75 लाख और शिखर अग्रवाल के लिए 15 लाख है। वहीं, वापस लीज पर देकर वापस पैसा वसूल कर लो। 15 लाख के विला वाली स्कीम क्या शिखर अग्रवाल के लिए बनाई? गहलोत ने कहा- ऐसा सौदा तो हम सबको पसंद आएगा। अगर हम सबको आजादी मिले, पत्रकारों, आम जनता तो कितने लोगों का भला होगा?

भाई को ट्रेन के आगे धक्का दिया, पत्थर से सिर कुचला

भाभी से था अफेयर, आरोपी गिरफ्तार

ज़ूम न्यूज • जयपुर

जयपुर में चचेरे भाई ने भाई की हत्या कर दी। आरोपी ने पहले युवक को ट्रेन के आगे धक्का दिया, मरा नहीं तो पत्थर से सिर कुचल दिया। पुलिस को 30 अक्टूबर को धानक्या-शयोसिंहपुरा रेलवे ट्रैक के पास शव मिला।

शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने चचेरे भाई को अरेस्ट कर लिया। आरोपी का भाभी से अफेयर था। आरोपी ने भाभी को कॉल कर हत्या के बारे में बताया था। डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया- झुंझुनूं के गोविंदपुरा मेहाड़ा निवासी श्रवण सिंह (34) की चचेरे भाई भवानी उर्फ कालू (28) ने हत्या की थी। 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे श्रवण सिंह का शव मिला था। श्रवण 29 अक्टूबर को करवा चौथ के दिन चचेरे भाई भवानी के साथ मकराना से गांव जाने के लिए रवाना हुआ था। दोनों जयपुर के बजाय फुलेरा उतर गए। वहां से लिफ्ट लेकर शाम करीब 6:30 बजे धानक्या पहुंचे थे।

पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार देर रात झुंझुनूं से पकड़ा। जांच में सामने आया है कि प्लानिंग के तहत उसने श्रवण की हत्या की। वह श्रवण को बातों में उलझाकर रेलवे ट्रैक तक लेकर आया था। आरोपी चचेरे भाई के श्रवण की पत्नी से संबंध थे। जिसमें बाधा बनने के चलते श्रवण की हत्या की गई। पुलिस हत्या को लेकर आरोपी भवानी के साथ श्रवण की पत्नी की भूमिका की जांच की जा रही है।

पत्नी से मिलने पहुंचा पति, साले ने पेट्रोल डालकर जलाया, 50 फीसदी से ज्यादा झुलस गया था, 13 दिन बाद हुई मौत

ज़ूम न्यूज • जयपुर



टोंक के देवली में पत्नी से मिलने पहुंचे एक युवक शिवराज को मारपीट कर किडनैप किया गया। फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। 16 अक्टूबर को हुई घटना में युवक 50 प्रतिशत झुलस गया था। जयपुर के एसएमएस में इलाज के दौरान 29 अक्टूबर को युवक की मौत हो गई। वहीं, युवक का मौत से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें मृतक ने अपने साले और अन्य लोगों पर मारपीट करने और जलाने के आरोप लगाए हैं।

मामले में गोविंद दलवासा निवासी जगदीश खटीक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि मेरा भांजा शिवराज 16 अक्टूबर को पत्नी ज्योति से मिलने देवली गया था। जो अपने भाई नंदू खटीक के साथ देवली में रहती है। 16 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे होटल से शिवराज ने नंदू को फोन कर पत्नी ज्योति के बारे में पूछा। आरोप है कि इस बात पर नंदू नाराज हो गया। इसके बाद नंदू खटीक, अजय खटीक और 4-5 अन्य युवक होटल पहुंचे। शिवराज के साथ मारपीट की और उसे घसीटते हुए बाहर ले गए। इसके बाद आरोपी जबरन एजेंसी एरिया स्थित अपने मकान पर ले गए। होटल से युवक को ले जाने की घटना CCTV फुटेज में भी कैद हुई है। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने मकान में शिवराज के शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इससे शरीर बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत में जयपुर के SMS अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज के दौरान गुरुवार को दम तोड़ दिया। शिवराज के भाई युवराज खटीक ने बताया- 6 अक्टूबर को जयपुर के गौनेर रोड स्थित मकान के कमरे में परिवार ने शिवराज की पत्नी को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था। हम मौके पर पहुंचे तो दोनों ने अंदर से गेट बंद कर रखा था।

कमरे में हमारा पड़ोसी आपत्तिजनक स्थिति में था। पड़ोसी युवक इस दौरान मेरे हाथ पर लोहे के पाइप से वार करके मौके से फरार हो गया। घर से भागे युवक को लोगों ने पकड़ लिया। फिर उससे हमने पूछताछ की। उसने कबूल किया कि मेरी भाभी उसे घर बुलाती थी और पैसा देती थी। युवक ने कबुला की उसके मेरी भाभी से अवैध संबंध थे।

फाउंडर गुरप्रीत सिंह से खास बातचीत: देशभर में विस्तार की ओर बढ़ता ब्रांड

जयपुर में तंदूरी हट का 70वां आउटलेट शुरू



ज़ूम न्यूज • जयपुर

देश में तेजी से विस्तार कर रहे फूड ब्रांड 'तंदूरी हट' ने जयपुर में अपना 70वां आउटलेट शुरू किया है। ब्रांड के इस नए आउटलेट के उद्घाटन के साथ ही जयपुर के फूड एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में एक और नया विकल्प जुड़ गया है। इस अवसर पर तंदूरी हट के फाउंडर गुरप्रीत सिंह से खास बातचीत हुई। गुरप्रीत सिंह का कहना है कि किसी भी फूड ब्रांड की असली पहचान उसके स्वाद, गुणवत्ता और ग्राहकों के विश्वास से बनती है। तंदूरी हट की विकास यात्रा में ग्राहकों का प्यार और टीम की मेहनत सबसे महत्वपूर्ण रही है। 70 आउटलेट तक पहुंचना केवल व्यावसायिक विस्तार नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे और ब्रांड के प्रति स्वीकार्यता का परिणाम है। उन्होंने बताया कि फूड इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। ऐसे में किसी ब्रांड के लिए अपने स्वाद और गुणवत्ता को लगातार बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होती है। तंदूरी हट का प्रयास है कि ग्राहकों को बेहतर फूड क्वालिटी, अच्छा अनुभव और उचित कीमत पर पसंदीदा व्यंजन उपलब्ध कराए जाएं।

जयपुर में 70वें आउटलेट की शुरुआत को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्थान की राजधानी जयपुर खानपान, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के लिहाज से महत्वपूर्ण शहर है। यहां के लोगों की फूड को लेकर पसंद और नए स्वाद को अपनाने की प्रवृत्ति ब्रांड के विस्तार के लिए उत्साहजनक है। गुरप्रीत सिंह के अनुसार, किसी भी बिजनेस की सफलता का श्रेय अकेले संस्थापक को नहीं दिया जा सकता। इसके पीछे पूरी टीम, सहयोगियों, कर्मचारियों और ग्राहकों की भूमिका होती है। तंदूरी हट आगे भी अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए गुणवत्ता और ग्राहकों के भरोसे को प्राथमिकता देगा। जयपुर में 70वें आउटलेट की शुरुआत तंदूरी हट की विस्तार यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

जयपुर में 500 किलो घटिया पनीर नष्ट, अलवर से लाए थे

ज़ूम न्यूज • जयपुर

जयपुर में फुड सेफ्टी की टीम ने मालवीय नगर इलाके में एक डेयरी से 500 किलोग्राम घटिया पनीर का स्टॉक नष्ट करवाया। ये पनीर अलवर से जयपुर में बेचने के लिए लाया गया था। सीएमएचओ की टीम ने छापेमारी के दौरान देखा कि पनीर खराब था और बदबू आ रही थी। इसके बाद पनीर का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। टीम ने मौके पर खराब पनीर के 500 किलोग्राम का स्टॉक नष्ट करवाया। जयपुर CMHO सेकंड डॉ. मनीष मित्तल ने बताया- मौके पर मौजूद दुकानदार इरफान पुत्र आस मोहम्मद से जब पूछताछ की तो पता चला कि पनीर को अलवर से 200 रुपए प्रति किलो की दर पर खरीदा जाता है। इसके बाद जयपुर शहर में अलग-अलग ढाबों और रेस्टोरेंटों में बेच देते हैं। टीम ने पनीर को देखा तो वह रबड़ की तरह खींच रहा था और उसमें दुर्गन्ध आ रही थी इसके बाद टीम ने पनीर के अलग-अलग सैंपल लेकर उनको जांच के लिए लैब भिजवाया और मौके पर रखे करीब 500 किलोग्राम के स्टॉक को नष्ट करवाया।

सीतापुरा स्थित जेईसीसी में इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी (आईएएन) के 33वें राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन आईएएनकॉन-2026 में जुटे विशेषज्ञ

मिर्गी, पार्किंसन, लकवे की बीमारी पकड़ने में मददगार बनेगा AI: एमआरआई में बीमारी से प्रभावित हिस्से की पहचान में मिलेगी मदद



जूम न्यूज • जयपुर

दिमाग और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारियों की पहचान और इलाज AI यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भी किया जाएगा। मिर्गी, पार्किंसन, डिमेंशिया और लकवे जैसी बीमारियों में एआई की मदद से दिमाग के प्रभावित हिस्से की अधिक सटीक पहचान करने के साथ ही उसका आकार और नुकसान का स्तर भी मापा जा सकेगा। जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC) में आयोजित इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी (आईएएन) के 33वें राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन आईएएनकॉन-2026 में देश-विदेश के एक्सपर्स ने चर्चा की। आयोजन के कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने बताया- सम्मेलन में एआई के चिकित्सा उपयोग पर विशेष सत्र आयोजित किए। मिर्गी के मरीजों की MRI जांच में एआई की मदद से मस्तिष्क के उस हिस्से की पहचान की जा सकती है, जहां बीमारी से संबंधित असामान्यता मौजूद है। प्रभावित हिस्से की साइज और आयतन भी अधिक सटीकता से मापा जा सकता है। इससे उन मरीजों में मिर्गी की सर्जरी की योजना बनाने में मदद मिलेगी, जिनमें दवाओं से दौरे नियंत्रित नहीं हो पाते। इसी तरह पार्किंसन और डिमेंशिया के मरीजों में भी बीमारी से जुड़े बदलावों की पहचान और आकलन में एआई का उपयोग बढ़ रहा है। लकवे के मामलों में भी प्रभावित मस्तिष्क क्षेत्र का पता लगाने और आगे के उपचार की दिशा तय करने में यह तकनीक उपयोगी साबित हो सकती है। हालांकि विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि एआई चिकित्सकों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी जांच और निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने वाला साधन है।

लक्षण दिखने पर न्यूरोलॉजिस्ट से कंसल्ट जरुरी

जयपुर के अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आर.के सुरेखा और प्रवक्ता डॉ. त्रिलोचन श्रीवास्तव ने मिर्गी के विभिन्न प्रकारों और समय पर इलाज की आवश्यकता पर जानकारी दी। उन्होंने बताया - मिर्गी का दौरा पड़ने पर मरीज के मुंह से झाग निकलना, हाथ-पैरों में अकड़न, झटके आना, जीभ कटना और बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। कुछ मरीजों में दौरे के दौरान अजीब गंध महसूस होना, असामान्य आवाज सुनाई देना या कुछ समय के लिए काम करते-करते अचानक रुक जाना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। कई बार लोग इन लक्षणों को ऊपरी प्रभाव या अंधविश्वास से जोड़ देते हैं, जबकि यह मस्तिष्क से संबंधित बीमारी हो सकती है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर न्यूरोलॉजिस्ट से कंसेल्ट करना जरुरी है। आयोजन कोषाध्यक्ष डॉ. पुष्कर गुप्ता ने बताया- बेहोशी या कुछ समय के लिए असामान्य व्यवहार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। न्यूरोलॉजिस्ट जांच के जरिए मिर्गी के दौरे, लॉ ब्लड प्रेशर और हार्ट संबंधी समस्या और माइग्रेन के बीच अंतर स्पष्ट कर सकते हैं। पांच मिनट से अधिक दौरा चलने पर मरीज को तत्काल हॉस्पिटल पहुंचाना चाहिए।

ब्रीफ न्यूज

तिंवरी में सरपंच चुनाव पर घमासान: आरोप-मतपेटी पर सील नहीं थी



जूम न्यूज • जोधपुर

जोधपुर जिले की तिंवरी तहसील की पांचला खुर्द ग्राम पंचायत में चुनाव की मतगणना के बाद हारे हुए प्रत्याशी ने विरोध दर्ज किया है। सरपंच पद के प्रत्याशी रहे परवीन्द्र सिंह ने आरोप लगाया है कि खए बूथ पर कुल चार मतपेटियां थी जिनमें से तीन पर सील लगी हुई थी और एक पर लगी हुई नहीं थी। उन्होंने ये भी कहा कि विपक्षी प्रत्याशी को जल्दबाजी में जीत का प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनके बूथ एजेंट को मतगणना स्थल से जबरदस्ती बाहर निकाला गया। प्रत्याशी ने अब रिटर्निंग अधिकारी को लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता परवीन्द्र सिंह ने बताया कि उनके बूथ की कुल चार मतपेटियाँ थीं। इनमें से तीन मतपेटियों पर तो सील लगी हुई थी, लेकिन एक मतपेटी पर किसी प्रकार की कोई सील नहीं थी। जब उनके अधिकृत बूथ एजेंट ने इस गंभीर अनियमितता पर आपत्ति जतानी चाही, तो मौके पर हंगामा खड़ा हो गया।

16 जोड़ी ट्रेनों में कल से बढ़ेंगे 39 एक्सट्रा कोच: श्रेणियों में बढ़ेंगी बर्थ

जूम न्यूज • जोधपुर

दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए रेलवे ने ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे लगाने का निर्णय किया है। इसके तहत नवंबर महीने में 16 जोड़ी ट्रेनों में कुल 39 अतिरिक्त डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी की जाएगी। इससे यात्रियों को अधिक बर्थ उपलब्ध होंगी और त्योहारों के दौरान आवागमन में सुविधा मिलेगी। यह व्यवस्था एक नवंबर से चरणबद्ध रूप से प्रभावी होगी। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार-त्योहारों के दौरान यात्रीभार को ध्यान में रखते हुए वातानुकूलित,स्लीपर और साधारण श्रेणी के डिब्बे बढ़ाए जा रहे हैं। संबंधित ट्रेनों में निर्धारित तिथियों के अनुसार यह व्यवस्था लागू रहेगी। इन ट्रेनों में कुल 15 थर्ड एसी, 15 द्वितीय शयनयान, 8 साधारण और 1 फर्स्ट कम सेकंड एसी श्रेणी का डिब्बा बढ़ाया जाएगा। इससे त्योहारों के दौरान यात्रियों को आरक्षित और सामान्य श्रेणी में अधिक स्थान मिल सकेगा।

राजस्थान के 3,319 पार्कों का डेटाबेस तैयार: हाईकोर्ट में सरकार ने पेश किया प्लान; उम्मेद उद्यान के कायाकल्प पर खर्च होंगे 15 करोड़

जूम न्यूज • जोधपुर

राजस्थान में सार्वजनिक पार्कों के रखरखाव और विकास को लेकर सरकार ने हाईकोर्ट में योजना पेश की है। सरकार के अनुसार, शहरी निकायों के 3,319 पार्कों का सर्वे कर राज्यस्तरीय डेटाबेस तैयार किया गया है।

वहीं, जोधपुर के उम्मेद उद्यान के कायाकल्प के लिए 15 करोड़ रुपए का मास्टर प्लान बनाया गया है। इस योजना के तहत पार्कों के रखरखाव और सुविधाओं को बेहतर बनाने पर काम किया जाएगा। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चन्द्रशेखर शर्मा की डिवीजन बेंच के सामने अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार ने अनुपालना और प्रगति रिपोर्ट पेश की। यह रिपोर्ट कोर्ट के पहले के आदेश के जवाब में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, पार्कों के रखरखाव के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) और नई व्यवस्था लागू करने की योजना बनाई गई है। 5 हजार वर्ग मीटर से बड़े पार्कों का रखरखाव संबंधित नगरीय निकाय करेंगे। इससे छोटे पार्कों की सफाई, बागवानी और रोज की देखरेख के लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन



(आरडब्ल्यूए), मोहल्ला विकास समितियों और पंजीकृत संस्थाओं को जोड़ा जाएगा। इसके लिए तीन साल का एमओयू किया जाएगा।

जोधपुर नगर निगम के सर्वे में शहर के 504 पार्क मिले हैं। इनमें 32 बड़े और 472 छोटे पार्क हैं। स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत 19 से 21 सितंबर तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें 2 हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारियों और 50 प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 300 से ज्यादा पार्कों की सफाई कर 465 टन से अधिक कचरा, प्लास्टिक और मलबे का निस्तारण किया गया। शहर के ऐतिहासिक उम्मेद उद्यान के कायाकल्प के लिए 15 करोड़ रुपए का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। करीब डेढ़ लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले इस उद्यान में हेरिटेज संरचनाओं पर 5.45 करोड़, पार्किंग और सड़कों पर 3.15 करोड़, लैंडस्केपिंग एवं पौधारोपण पर 2.06 करोड़ और वॉटर फीचर्स पर 1.58 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान है। इसके अलावा पांच साल के संचालन एवं रखरखाव के लिए 2.50 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही उद्यानों के रखरखाव के लिए माली और विशेषज्ञ कर्मचारियों की व्यवस्था करने की जानकारी दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने जोधपुर के उद्यानों के रखरखाव की कार्ययोजना अगली सुनवाई पर पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान 300 से ज्यादा पार्कों की सफाई की गई और 465 टन से ज्यादा कचरा, प्लास्टिक और मलबा हटाया गया। ऐतिहासिक उम्मेद उद्यान के कायाकल्प के लिए 15 करोड़ रुपए का मास्टर प्लान तैयार किया गया है।

जोधपुर मेडिकल कॉलेज- जूनियर्स ने फिर की रैगिंग की शिकायत

मेल में लिखा- सीनियर स्टूडेंट्स बॉस कहने का दबाव बनाते, अभद्र भाषा बोलते

जूम न्यूज • जोधपुर

जोधपुर के डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर जूनियर से रै गिंग का मामला सामने आया है। जूनियर बैच-2026 के स्टूडेंट ने एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) को मेल कर रैगिंग की शिकायत की है। मेल में लिखी शिकायत के अनुसार- सीनियर स्टूडेंट्स ने जूनियर बैच के स्टूडेंट्स पर उन्हें बॉस कहने का दबाव बनाया। अभद्र भाषा बोलने का भी आरोप लगाया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ने बताया कि मामला एंटी रैगिंग कमेटी को भेज दिया है। मामले को लेकर शनिवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई। मेल में 4 से 5 सीनियर स्टूडेंट के नाम थे, जिन्हें भी बैठक में बुलाया गया। उनका पक्ष जाना गया और मोबाइल भी चेक किए गए।

जानकारी अनुसार- स्टूडेंट्स ने जूनियर बैच के नाम से एक कॉमन मेल किया था। एनएमसी ने शुक्रवार शाम डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के मैनेजमेंट को इसकी जानकारी दी थी। मामले को शनिवार को एंटी रैगिंग कमेटी में भेजा गया। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एसएन जोधा ने बताया कि मेल में जिन सीनियर स्टूडेंट पर आरोप लगाया गया,दो दिन में इन सभी से जानकारी ली जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इन सभी को सोमवार को कमेटी ने बुलाया है।

मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बीएस जोधा के अनुसार- मेल में शिकायत की गई है कि सीनियर स्टूडेंट्स ने जूनियर बैच के स्टूडेंट के साथ इंट्रोडक्शन के बहाने रैगिंग की। अभद्र भाषा से अपमानित किया गया। इसके साथ ही सीनियर को बॉस कहने की भी शिकायत की है। ये पिछले 23 दिनों में दूसरा मामला है, जब मेडिकल कॉलेज में रैगिंग को लेकर शिकायत हुई है। ये शिकायत यूजीसी यानी यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन पोर्टल की एंटी रैगिंग टीम को की गई थी।

कॉलेज प्रशासन को भेजे गए मेल में करीब 90 स्टूडेंट्स के नंबर दिए गए थे। शिकायत में आरोप लगाया था कि छात्रों पर सीनियर्स को 'बॉस' कहकर बुलाने का दबाव बनाया गया। हालांकि इस मामले को लेकर जब जांच की तो मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना था कि इस मामले को लेकर हुई बातचीत में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है।

किराये पर पिपलिया कलां में रह रहे युवक ने लगा ली फांसी

जूम न्यूज • रायपुर

बिलाड़ा क्षेत्र के भागासानी निवासी 25 वर्षीय युवक ने पिपलिया कलां में किराए के मकान में संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव कब्जे ले लिया। पिपलिया चौकी के कांस्टेबल मनोज कुमार के मुताबिक 31 अक्टूबर 2026 दोपहर करीब 12 बजे राकेश पुत्र धर्माराम, जाति बावरी, उम्र 25 वर्ष, निवासी भागासानी ने कमरे में अज्ञात कारणों से फांसी का फंदा लगाया। राकेश पिपलिया कलां में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने शव को पहले पिपलिया कलां अस्पताल पहुंचाया। वहां से उप जिला चिकित्सालय रायपुर की मोर्चरी में शिफ्ट कराया। मोर्चरी में मृतक के पिता धर्माराम की मौजूदगी में रिपोर्ट ली। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 में रिपोर्ट दर्ज की।

पत्नी को चुनाव लड़वा रहा ₹20 हजार का इनामी आरोपी पकड़ा

गुजरात में शराब तस्करी के मामले में फरार था

जूम न्यूज • जालोर

पंचायती राज चुनाव 2026 के दौरान जालोर पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुजरात में शराब तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी को दस्तयाब किया है। आरोपी की पहचान तवाव निवासी कांतिलाल उर्फ रोहित उर्फ विजयसिंह उर्फ प्रवीण उर्फ नारायण उर्फ प्रिंस सैन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह गुजरात में शराब तस्करी के एक बड़े गिरोह का मुख्य सूत्रधार बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अपनी पत्नी ललिता सैन को ग्राम पंचायत तवाव से सरपंच पद का प्रत्याशी बनाकर चुनाव में सक्रिय था। 30 अक्टूबर को मतगणना के दौरान वह पत्नी के मतगणना एजेंट के रूप में मौजूद था। इसी दौरान रामसीन थाना पुलिस और जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेकर उसे डिटेन कर लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इन्दौलिया के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा और वृत्ताधिकारी भीनमाल शंकरलाल के सुपरविजन में रामसीन थानाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने गुजरात के पंचमहल जिले के हलोल ग्रामीण थाने में दर्ज शराब तस्करी के मामले में वांछित आरोपी को पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी का मूल नाम कांतिलाल पुत्र रतिलाल सैन है। वह कई वर्षों से गुजरात में अवैध शराब तस्करी के कारोबार में सक्रिय था। उसके खिलाफ राजस्थान और गुजरात में कई आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं।

बाड़मेर में पोलिंग पार्टी की बूथ पर शराब पार्टी: वीडियो में दिखीं बीयर की बोतलें; आरओ बोले- अंदेशा है हारने वाली पार्टी ने रखी



जूम न्यूज • बाड़मेर

बाड़मेर में सरपंच चुनाव के बाद पोलिंग पार्टी की ओर से मतदान केंद्र पर शराब पार्टी करने का मामला सामने आया है। वीडियो में बूथ पर शराब और बीयर की बोतलें नजर आ रही हैं। प्रारंभिक तौर पर वीडियो शुक्रवार की रात का है, जिसे शिव पंचायत समिति की झांफली कलां ग्राम पंचायत के सरकारी स्कूल में बने बूथ संख्या 30 का बताया जा रहा है। फिलहाल प्रशासन ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हालांकि झांफली कलां के रिटर्निंग ऑफिसर हरपाल सिंह का कहना है- हम काउंटिंग के बाद बूथ के आगे खड़े थे। इस दौरान किसी ने शराब की बोतलें वहां पर रखी दीं। हमें नहीं पता किसने रखी हैं। हमें अंदेशा है कि हारने वाली पार्टी ने रखी थी। वीडियो सामने आने के बाद एसडीएम ने जोनल ऑफिसर को मौके पर भेजकर जांच शुरू करवा दी है। हालांकि वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार, पंचायती राज चुनाव के दूसरे चरण में बाड़मेर जिले की 7 पंचायत समितियों में चुनाव करवाने के लिए 27 अक्टूबर को पोलिंग पार्टियां पीजी कॉलेज से रवाना हुई थीं। चुनाव प्रक्रिया के तहत पार्टियां बूथों पर ही रुकी हुई थीं। पोलिंग पार्टियां करीब 5 दिन तक मतदान केंद्रों पर ठहरी रहीं। शुक्रवार को सरंपच पद के मतदान की रात भी पोलिंग पार्टी, केंद्र पर ही रुकी थी। शनिवार को उपसरपंच का चुनाव करवाने के बाद इन पार्टियों को बूथों से रवाना होना था। इसी दौरान मतदान केंद्र पर शराब पार्टी किए जाने का मामला सामने आया, जिसका वीडियो बूथ पर तैनात किसी कर्मचारी द्वारा ही बनाने की संभावना है। शिव एसडीएम वीरमाराम ने मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया वीडियो झांफली कलां गांव का होने की संभावना है। जोनल ऑफिसर (ZO) को जांच के लिए झांफली कलां ग्राम पंचायत के बूथ पर भेजा गया है।

री-काउंटिंग की मांग नहीं मानने का आरोप: झांफली कलां ग्राम पंचायत से उगमदान सरपंच निर्वाचित हुए हैं। उन्हें कुल 1358 वोट में से 83 वोट मिले थे। जबकि करणीदान को 673 वोट मिले थे। करणीदान के एजेंट महेंद्रसिंह ने बताया- जीत हार में मार्जिन 10 वोट का रहने पर हमने रिटर्निंग ऑफिसर को फिर से काउंटिंग करने के लिए कहा था।

नई नहर में पानी की आवक



जोधपुर। तीसरे फेज के तहत कई माह पहले से तैयार नई नहर में शुक्रवार को पंजाब से पानी आ गया। इससे अभी फलोदी के मदासर में बनाया गया चौथा रिजरवायर भरा जाएगा। फिर पानी जोधपुर आएगा। इससे करीब 32 लाख लोगों को राहत मिलेगी। जोधपुर के साथ ही बालोतरा व फलोदी जिले से जुड़े करीब 2 हजार गांवों में पानी की समस्या भी दूर होगी। पानी इंदिरा गांधी लिफ्ट कैनाल से लाया जा रहा है।

एक जज ने शुक्रवार को संवैधानिक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। इसके बाद उन्होंने खुद ही अध्यक्ष की जिम्मेदारी ले ली। विपक्ष इससे नाराज हो गया

पोलैंड के सुप्रीम कोर्ट चीफ के निलंबन पर हंगामा

पीएम टस्क पर तख्तापलट का आरोप, देशभर में प्रदर्शन, राष्ट्रपति का विमान बीच रास्ते से लौटा

एजेंसी ▶▶ वारसॉ

पोलैंड के सुप्रीम कोर्ट चीफ के निलंबन ने हंगामा खड़ा कर दिया है। देश में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। हालात बिगड़ने पर राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की सेनेगल जाते समय बीच रास्ते से ही वापस लौट आए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में राष्ट्रपति का देश में रहना जरूरी है। यह कदम तब उठाया गया जब देश की संवैधानिक न्यायाधिकरण (टीके) के अध्यक्ष और उनके डिप्टी को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया गया।

हजारों लोग जज के फैसले के विरोध में अदालत के बाहर जमा हो गए

कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर चीजें फेंकीं



वारसॉ में संवैधानिक प्राधिकरण इमारत के सामने प्रदर्शनकारी

देश को बर्बाद मत करो

विपक्षी नेताओं ने इस कदम को 'तख्तापलट' करार दिया, जबकि पीएम डोनाल्ड टस्क ने कानून बहाल करने के प्रयासों का बचाव किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने हाथों में सरकार विरोधी पोस्टर ले रखे थे। इन पर लिखा था, 'कम्युनिस्टों और टस्क की सरकार को हटाओ' और 'देश को बर्बाद करना बंद करो'। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर कुछ चीजें फेंककर विरोध जताया।

पोलैंड में राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख

पोलैंड में राष्ट्रपति और पीएम दोनों की अलग-अलग जिम्मेदारियां हैं। पीएम डोनाल्ड टस्क सरकार चलाते हैं, जबकि राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की देश के संवैधानिक प्रमुख हैं। दोनों के बीच अदालतों में जजों की नियुक्ति और उनके काम करने के तरीके को लेकर विवाद चल रहा है। अब यह लड़ाई देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल तक पहुंच गई है। टस्क चाहते हैं कि पिछली सरकार के समय अदालतों में हुई नियुक्तियों और बदलावों को ठीक किया जाए।



नावरोत्स्की

पीएम टस्क पर संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप

पोलैंड में पीएम डोनाल्ड टस्क की सरकार पर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगा है। यह विवाद देश की सबसे बड़ी अदालतों में से एक संवैधानिक ट्रिब्यूनल को लेकर शुरू हुआ है। एक जज ने शुक्रवार को संवैधानिक ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया।

6 नए जजों की नियुक्ति से गहराया विवाद

इस साल मार्च में पोलैंड की संसद ने संवैधानिक ट्रिब्यूनल के लिए 6 नए जज चुने। लेकिन राष्ट्रपति नावरोत्स्की ने इनमें से केवल 2 जजों को अपने सामने शपथ दिलाई। बाकी 4 जजों को शपथ दिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद 9 अप्रैल को इन चारों जजों ने संसद में ही शपथ ले ली और राष्ट्रपति कार्यालय को इसकी जानकारी दे दी। इनमें अन्ना कोर्दिन-पियोत्रोस्का भी शामिल थीं। राष्ट्रपति कार्यालय ने संसद में ली गई इस शपथ को मान्यता नहीं दी।

कानून का राज बहाल करना हमारी जिम्मेदारी: टस्क

पीएम डोनाल्ड टस्क ने अपनी सरकार के फैसलों का बचाव किया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि पीआईएस पार्टी के शासन में सालों तक कानून का उल्लंघन हुआ।



डोनाल्ड टस्क

खबर संक्षेप

कैलिफोर्निया में फायरिंग 1 की मौत, 6 घायल

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक दुकान में गोलीबारी की घटना हुई है।



फेयरफील्ड शहर के सोलानो टाउन सेंटर स्थित स्पिरिट हैलोवीन स्टोर में शुक्रवार देर रात गोलियां चलीं। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, सभी सात लोगों को गोली लगी थी। पुलिस के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कम से कम तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह दुकान हैलोवीन के लिए कॉस्ट्यूम और सजावट का सामान बेचती है।

यूक्रेन को 500 पैट्रियट मिसाइलें बेचेगा यूएस

कीव। अमेरिका ने यूक्रेन को 500 पैट्रियट मिसाइलें बेचने की मंजूरी दे दी है। इस डील की कीमत करीब 19 हजार करोड़ रुपए है। इसका पूरा खर्च यूरोपीय देश और कनाडा उठाएंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमलों से बचाव के लिए हर महीने 100 मिसाइलें देने की मांग की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को इस संभावित सौदे को मंजूरी दी। इसके तहत यूक्रेन को पैट्रियट का सबसे आधुनिक वर्जन पीएसी-3 एमएसई मिसाइलें मिलेंगी। ये मिसाइलें हवा में ही दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर सकती हैं।



अटलांटा में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर की दो टूक

ऊर्जा व्यापार और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले सुनियोजित रणनीति

ऊर्जा संकट उत्पादन की कमी से नहीं, आपूर्ति और अनिश्चितताओं में बाधाओं से पैदा हो रहा



जी20 बैठक को संबोधित करते एस. जयशंकर

एजेंसी ▶▶ अटलांटा

अमेरिका के अटलांटा में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दूसरे पूर्ण सत्र को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा संकट पर चिंता जताई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया आज ऊर्जा उत्पादन की कमी से नहीं, बल्कि अनिश्चितता, आपूर्ति में व्यवधान, अत्यधिक लागत और ऊर्जा तक पहुंच की चुनौतियों से पैदा हुए संकट का सामना कर रही है। उन्होंने ऊर्जा व्यापार और बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जा रहे हमलों को कीमतों को अपने नियंत्रण में रखने की सोची-समझी रणनीति करार दिया।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी टिप्पणी साझा करते हुए कहा कि ऊर्जा व्यापार और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जाने वाले हमले ऊर्जा कीमतों को बंधक बनाने की एक सुनियोजित रणनीति हैं। बाधाओं, प्रतिबंधों और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में रुकावटों के कारण ऊर्जा बाजार लगातार प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी स्थितियां अब अधिक बार सामने आ रही हैं और उनकी जटिलता तथा प्रभाव का दायरा भी बढ़ रहा है। उन्होंने कम आय वाले देशों की स्थिति पर विशेष चिंता जताते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन देशों की मुश्किलों और उनकी जरूरतों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है।

> जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर जानबूझकर किए जाने वाले हमले ऊर्जा कीमतों को बंधक बनाने की एक सुनियोजित रणनीति है। बाधाओं, प्रतिबंधों और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में रुकावटों के कारण ऊर्जा बाजार लगातार प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी स्थितियां अब अधिक बार सामने आ रही हैं और उनकी जटिलता तथा प्रभाव का दायरा भी बढ़ रहा है

छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों की जरूरत

विदेश मंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में वित्तीय संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने के साथ ऊर्जा भंडारण, छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन को आगे बढ़ाने की जरूरत है। जयशंकर ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) की खोज से लेकर उनके पुनर्चक्रण तक की पूरी प्रक्रिया को शामिल करता है। इसके साथ ही भारत ने जी20 के समक्ष महत्वपूर्ण खनिजों के सर्कुलरिटी यानी पुनर्चक्रण और दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने की पहल का प्रस्ताव रखा है।

तेल और गैस के बीच अंतर करने पर उठाए सवाल

जयशंकर ने तेल और गैस के बीच सुविधानुसार अंतर किए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इन दोनों ऊर्जा स्रोतों को लेकर अलग-अलग छूट दिए जाने की प्रवृत्ति अपने आप में बहुत कुछ कहती है। हालांकि, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया और न ही उन छूटों का स्पष्ट उल्लेख किया, जिनकी ओर उनका इशारा था। उन्होंने आगाह किया कि वैश्विक बाजार में एक क्षेत्र में पैदा होने वाले व्यवधान का असर दूसरे क्षेत्रों पर भी पड़ता है। परस्पर निर्भरता के इस दौर में ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के दूरगामी प्रभावों को कम करके नहीं आंकना चाहिए।

आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज नहीं कर सकते

जयशंकर ने बैठक में कहा कि वैश्विक चुनौतियों का हल सैन्य कार्रवाई से नहीं, बल्कि कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज नहीं करने, समुद्री रास्तों पर जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने और नाविकों पर हमले रोकने की जरूरत भी उठाई। जयशंकर ने कहा कि समुद्री रास्तों में बाधा और सप्लाई चेन पर दबाव का सबसे ज्यादा असर ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहा है, जिससे ईंधन, खाद्य पदार्थों और उर्वरकों की उपलब्धता और कीमतें प्रभावित हो रही हैं।

साझा बयान पर सहमति नहीं बन पाई

रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान युद्ध, अमेरिकी टैरिफ और दक्षिण चीन सागर में चीन की गतिविधियों को लेकर देशों के बीच मतभेद रहे। होर्मुज स्ट्रेट समेत समुद्री रास्तों से व्यापार और जहाजों की सुरक्षित आवाजाही भी चर्चा का मुद्दा रही। इन मतभेदों के कारण बैठक के अंत में सभी देशों की ओर से साझा बयान जारी होने की संभावना नहीं रही।

विवादों में घिरी जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक

जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

अमेरिका के अटलांटा शहर में विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी में हो रही है। यह बैठक शुरू से ही विवादों में घिर गई थी। दक्षिण अफ्रीका जी20 का संस्थापक सदस्य है और अफ्रीका का एकमात्र सदस्य देश है। इसके बावजूद ट्रंप प्रशासन ने उसे बैठक में नहीं बुलाया। इस बार ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को न्योता नहीं दिया। अमेरिका ने पोलैंड को जी20 की बैठक में मेहमान के तौर पर बुलाया। अमेरिका पोलैंड को जी20 का स्थायी मेंबर बनाना चाहता है।

जी20 देशों के विदेश मंत्रियों का फोटो सेशन रद्द

बैठक में शुक्रवार को रूस को लेकर विवाद हो गया। पहले दिन की बैठक का ग्रुप फोटो सेशन रद्द करना पड़ा। रूस के यूक्रेन पर हमले को लेकर करीब एक-तिहाई देशों ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ तस्वीर खिंचवाने से इनकार कर दिया था। कुछ देशों ने फोटो सेशन में शामिल नहीं होने की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद अमेरिका ने फोटो सेशन रद्द करने का फैसला लिया। हालांकि, इससे बैठक के बाकी कार्यक्रम पर असर नहीं पड़ा और बातचीत तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रही।

ढाका में सरकार के खिलाफ रैली

एनसीपी की मांग- भारत को ट्रांजिट कॉरिडोर न दें

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में विपक्षी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के नेता नाहिद इस्लाम ने भारत को लेकर अपनी सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश की जमीन से भारत को किसी भी तरह का ट्रांजिट कॉरिडोर देने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने गंगा जल बंटवारे को लेकर भी भारत के साथ निष्पक्ष समझौते की मांग की है। नाहिद ने चेतावनी दी कि अगर नए समझौते में बांग्लादेश के हिस्से के पानी की सुरक्षा नहीं हुई तो लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।



नाहिद इस्लाम

ढाका में एनसीपी की ओर से आयोजित रैली में सैकड़ों समर्थक शामिल हुए। रैली में मुख्य रूप से गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद और बिजली, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्री इकबाल हसन महमूद टुकू के इस्तीफे की मांग की गई। आरोप लगाया कि दोनों मंत्री ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।

मातारबाड़ी बंदरगाह पर जापान कर रहा मदद

बता दें, तारिक रहमान 26 से 29 अक्टूबर तक जापान के दौरे पर थे। इस दौरान जापान और बांग्लादेश ने आपसी सहयोग बढ़ाने और बंगाल की खाड़ी के क्षेत्र में कनेक्टिविटी मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों देशों ने आर्थिक विकास, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने की बात कही। जापान बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी इलाके में मातारबाड़ी गहरे समुद्र के बंदरगाह को विकसित करने में आर्थिक मदद कर रहा है। जापान की एजेंसी जाइका इस परियोजना को वित्तीय सहयोग दे रही है।

पानी के हक से समझौता नहीं

नाहिद इस्लाम ने कहा कि बांग्लादेश इस बार गंगा जल समझौते में अपने जायज हिस्से से एक बूंद भी कम स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने साफ किया कि अगर समझौता बांग्लादेश के हितों के मुताबिक नहीं हुआ तो देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। वहीं, भारत का कहना है कि गंगा जल बंटवारे समेत साझा नदियों से जुड़े सभी मुद्दों पर दोनों देशों के बीच संयुक्त नदी आयोग (जेआरसी) के माध्यम से बातचीत होती है। यह आयोग 1972 में बनाया गया था।

आशुतोष दीक्षित ने वायुसेना प्रमुख का पदभार संभाला

3500 घंटे की उड़ान का अनुभव, 20 से अधिक विमानों के माहिर पायलट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें 20 से अधिक तरह के विमानों पर 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान भरने का अनुभव है और वह एक कुशल फाइटर जेट पायलट हैं। रणनीतिक योजना के लिए पहचाने जाने वाले और 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाने वाले एयर चीफ मार्शल दीक्षित इससे पहले वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत थे।



आशुतोष दीक्षित, नए वायुसेना प्रमुख

कई अभियानों में सक्रिय भूमिका

लगभग चार दशक के अपने सेवाकाल के दौरान, एयर मार्शल दीक्षित कई अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, जिनमें ऑपरेशन सफेद सागर, ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर शामिल हैं।

1986 में वायुसेना की फाइटर यूनिट में हुए थे शामिल

29वें वायुसेना प्रमुख का पदभार संभालने वाले आशुतोष दीक्षित का जन्म 9 दिसंबर 1966 को हुआ। 6 दिसंबर 1986 को वायुसेना की लड़ाकू इकाई में शामिल हुए थे। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस स्टाफ सर्विस कॉलेज (बांग्लादेश) और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उनके पास मिराज-2000, मिग के विभिन्न संस्करण, किरण, जगुआर, आईएल-78, हॉक और तेजस समेत कई तरह के विमानों को उड़ाने का 3,500 घंटे से अधिक का व्यापक अनुभव है।

यूपी एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई

14 करोड़ के 7 दुर्लभ बाज के साथ पक्षियों का तस्कर अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी एसटीएफ ने दुर्लभ पक्षियों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। उसके पास से सात दुर्लभ बाज (फाल्कन) मिले हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत करीब 14 करोड़ रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुंबई निवासी फिरोज मसर्रत खान के रूप में हुई है। एसटीएफ को 30 अक्तूबर को सूचना मिली थी कि मुंबई का एक व्यक्ति प्रतिबंधित पक्षियों को लेकर लखनऊ आने वाला है। इस पर एसटीएफ की टीम ने वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम के साथ मिलकर मदेयगंज थाना क्षेत्र के इरादतनगर मोहल्ले में छापा मारा। शुक्रवार शाम 7:30 बजे आरोपी को एक मकान से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से सात बाज, एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड मिला।



दुर्लभ बाज — फिरोज खान

ईरान और अमेरिका में फिर ठनी जुबानी जंग

मोजतबा ने कहा- ईरान तय करेगा कब खत्म होगा युद्ध, ट्रंप बोले- हमें भी कोई जल्दी नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष खत्म होता नहीं दिख रहा है। ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने देश की सशस्त्र सेनाओं को एक सख्त आदेश जारी करते हुए कहा है कि दुश्मन के किसी भी खतरे का तुरंत और बिना किसी भौगोलिक सीमा के जवाब दिया जाना चाहिए। शनिवार को उनके आधिकारिक टेलीग्राम अकाउंट पर जारी एक बयान में कहा कि ईरान खुद तय करेगा कि दुश्मनों के खिलाफ शुरू हुए इस सैन्य संघर्ष या हमलों को कब और किन शर्तों के तहत खत्म करना है।



डोनाल्ड ट्रंप — मोजतबा खामेनेई

ईरान संग कोई आम युद्ध नहीं: ट्रंप

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वॉशिंगटन को भी ईरान के साथ युद्ध को खत्म करने की जल्दी में नहीं है। ट्रंप ने कहा कि यह कोई आम युद्ध नहीं है, हमें वहां सात महीने हो चुके हैं। वे (ईरान) अपने सैनिकों और पुलिस को वेतन नहीं दे पा रहे हैं, वे भारी मुसीबत में हैं और सच कहें तो हमारे पास समय है। ट्रंप ने यह भी स्वीकार किया कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत की कोशिशें जारी हैं।

बिना देरी मुंहतोड़ जवाब दें

खामेनेई ने ईरान की सेना को सख्त और स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि दुश्मन के किसी भी नए सैन्य या आतंकवादी हमले का बिना किसी देरी के मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। इस आदेश के तहत सैन्य अधिकारियों को टारगेट लिस्ट को अपडेट करने को कहा गया है।

यूएन महासचिव पद पर तुर्किये की नजर

पूर्व विदेश मंत्री को मैदान में उतारा 5 स्थाई सदस्यों की अहम भूमिका

एजेंसी ▶▶ अंकारा

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अगले महासचिव पद की दौड़ में तुर्किये ने अपने पूर्व विदेश मंत्री फेरिदुन सिनिरलियोग्लू का नाम आगे बढ़ाया है।



फेरिदुन सिनिरलियोग्लू

तुर्किये ने शनिवार को आधिकारिक रूप से उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस कदम को तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन का समर्थन हासिल है। सिनिरलियोग्लू 70 साल के हैं। वह 2015 में कुछ महीनों तक तुर्किये के विदेश मंत्री रहे थे। इसके बाद 2016 से 2023 तक उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में तुर्किये के राजदूत के तौर पर काम किया। फिलहाल वह वियना स्थित यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (ओएससीई) के महासचिव हैं। उनका मौजूदा कार्यकाल दिसंबर 2027 में खत्म होना है। संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस करीब 10 साल से इस पद पर हैं। उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद नए महासचिव की नियुक्ति होगी। सात अन्य उम्मीदवार भी इस पद की दौड़ में हैं। यूएन के अगले महासचिव के चयन में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की अहम भूमिका होगी। इसके पांच स्थायी सदस्य अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब बना साइबर जासूसी का महत्वपूर्ण हथियार

साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक की रिपोर्ट में खुलासा

14 देशों के 200 से ज्यादा संगठन निशाने पर, मंत्रालय और रक्षा कंपनियां प्रभावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल अब साइबर जासूसी अभियानों को बड़े पैमाने पर अंजाम देने के लिए भी किया जा रहा है। साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक ने चीन से जुड़े हैकर समूह 'वेपर पांडा' के ऐसे ही अभियान का खुलासा किया है। इसमें एआई आधारित एजेंटिक फ्रेमवर्क से 14 देशों के 200 से अधिक संगठनों को निशाना बनाया गया। इनमें कई मंत्रालय व सरकारी विभाग शामिल थे।



निशाने पर ईयू का विदेश मंत्रालय, राष्ट्रपति और पीएमओ

हैकर्स ने चीन में विकसित डीपसेक का उपयोग किया

इन संगठनों में सरकारी संस्थान, विदेश मंत्रालय, रक्षा-सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कंपनियां, दवा निर्माता तथा दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं। 17 अक्तूबर से शुरू इस अभियान में हैकर समूह ने आर्टेक्स नामक ओपन-सोर्स एजेंटिक एआई फ्रेमवर्क के साथ चीन में विकसित डीपसीक और एक अन्य व्यावसायिक एआई मॉडल का इस्तेमाल किया। क्राउडस्ट्राइक की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावरों ने संगठनों में पहुंच हासिल कर ब्लडअल्केमी नामक बैकडोर तैनात किया। नेटवर्क की पड़ताल तथा लॉगिन क्रेडेंशियल हासिल किए। 12 अन्य संगठनों के खिलाफ पासवर्ड सूचनाएं पाने के प्रयास भी दर्ज किए गए हैं। निशाने पर एक यूरोपीय देश का विदेश मंत्रालय, राष्ट्रपति-पीएमओ दफ्तर निशान पर हैं।

एआई एजेंट्स कर रहे मदद

एआई आधारित टूल्स की वजह से साइबर हमलों का तरीका बदल रहा है। जहां पहले हैकर्स को कई तकनीकी काम खुद करने पड़ते थे, वहीं एआई एजेंट्स (एजेंटिक एआई फ्रेमवर्क) कुछ प्रक्रियाओं को तेजी से और व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। अब हैकर्स को किसी सिस्टम में घुसपैठ करने के लिए हफ्तों मेहनत नहीं करनी पड़ती। एआई एजेंट बिना किसी इंसानी मदद के, खुद से निर्णय लेकर और बिना रुके 24 घंटे साइबर हमलों को अंजाम दे रहे हैं।

नेटवर्क निगरानी करनी होगी मजबूत

इससे सरकारी विभागों, कंपनियों और जरूरी सेवाओं से जुड़े नेटवर्क की सुरक्षा चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ऐसे में संगठनों के लिए नेटवर्क की निगरानी, मजबूत पासवर्ड व्यवस्था, लॉगिन गतिविधियों की जांच और संदिग्ध गतिविधियों की समय पर पहचान करना अहम हो जाता है।



माधवन बने हॉरर फिल्म के हीरो, निर्देशक बोले- ऐसा खौफ कभी नहीं देखा होगा

मुंबई। आर माधवन जल्द ही निर्देशक विशाल फुरिया की अगली हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। 'छोरी' और 'मां' जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर विशाल ने बताया कि माधवन इस फिल्म के लिए उनकी पहली और इकलौती पसंद थे। फिल्म की शूटिंग साल 2027 की शुरुआत में शुरू होगी। इसे रोहित रंजन अपने प्रोडक्शन हाउस फ्रॉस्टलिट प्रोडक्शन लिमिटेड के बैनर तले बना रहे हैं। विशाल का कहना है कि वो दर्शकों को भारतीय हॉरर सिनेमा में पहले कभी न देखा गया डर दिखाना चाहते हैं। माधवन '13बी' और 'शैतान' जैसी हॉरर फिल्मों में काम कर चुके हैं। इसके अलावा वो विशाल फुरिया की फिल्म 'मां' में कैमियो करते भी नजर आए थे। अब दोनों की इस नई फिल्म से दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं।

लाइफ Style


जाह्नवी

शिखर के साथ कब शादी करेंगी, खोला राज

जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया के रिश्ते पर उनके फैंस की नजरें हमेशा बनी रहती हैं। करण जौहर के 'कॉफी विद करण' के 9वें सीजन में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड संग भविष्य की योजनाओं पर बात की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया के रिश्ते पर उनके फैंस की नजरें हमेशा बनी रहती हैं। करण जौहर के 'कॉफी विद करण' के 9वें सीजन में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड संग भविष्य की योजनाओं पर बात की। होस्ट करण ने एक सवाल में जाह्नवी से उनकी लव लाइफ और शादी की योजना के बारे में पूछा, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी उनकी शादी तय नहीं हुई है, लेकिन एक आइडियल टाइमलाइन बताकर फैंस को उत्साहित कर दिया। अभिनेत्री ने करण के सवाल पर स्पष्ट किया कि उन्हें अभी उनकी शादी के लिए कितना लंबा इंतजार करना होगा। तो अभिनेत्री जाह्नवी ने कहा, अभी अगले 2 से 3 साल तक नहीं। बातचीत के दौरान करण ने अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा, खुशी कपूर और वेदांग रैना, और वीर पहाड़िया व तारा सुतारिया के रिश्ते पर जिक्र किया। इस पर जाह्नवी ने कहा, मैंने दूसरे लोगों के साथ अपने अलग-अलग ब्रेकअप के बाद भी एक-दूसरे के साथ मैनेज किया। हम मैनेज करने में अच्छे हैं। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे उन्होंने और शिखर ने दूसरे लोगों के साथ अलग-अलग ब्रेकअप के बावजूद अपने रिश्ते को बनाए रखा है। बता दें कि चैट शो में जाह्नवी के साथ वरुण धवन भी पहुंचे थे।



हॉलीवुड मसाला



दिग्गज अभिनेता स्टीवर्ट नहीं रहे

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सर पैट्रिक स्टीवर्ट अब हमारे बीच नहीं रहे। मार्वल की मशहूर एक्स-मेन सीरीज में प्रोफेसर चार्ल्स जेवियर का लोकप्रिय किरदार निभाकर उन्होंने सिनेमा जगत में अपनी खास पहचान बनाई थी। 86 वर्षीय अभिनेता पिछले कुछ समय से अल्जाइमर और लेवी बॉडी डिमेंशिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उन्होंने लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आखिरी सांस ली। स्टीवर्ट के परिवार ने सोशल मीडिया पर एक बयान के जरिए उनके निधन की पुष्टि की है।



'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' का नया हिंदी ट्रेलर जारी...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' का नया ट्रेलर आ गया है। फिल्म में जैक ब्लैक, केविन हार्ट और कैरेन गिलन भी अपने-अपने लोकप्रिय किरदारों के साथ जंगल का घमासान लेकर लौट आए हैं। इस बार रोमांच जंगलों में नहीं, बल्कि शहर के अंदर दिखेगा। फिल्म का ट्रेलर पहले से ज्यादा खतरनाक खेल और चारों तरफ खतरे के होने का संकेत देता है। उस पर जैक और केविन की जबरदस्त कॉमेडी हंसी की डोज देती है। सोनी पिक्चर्स इंडिया ने ट्रेलर जारी किया है, जिसकी शुरुआत सड़कों पर मची उथल-पुथल से होती है। दरअसल, खेल का कंसोल टूट गया है और वीडियो गेम के किरदार असली दुनिया में आकर 'डेमो मोड' में फंस गए हैं।



मोहित ने खोला अपने किरदार का राज...

मुंबई। अभिनेता मोहित मलिक फिल्म 'मिर्जापुरः द मूवी' में बीरजू लोहार का किरदार निभा रहे हैं। उनका कहना है कि बीरजू को सिर्फ अच्छा या बुरा कहना सही नहीं होगा, क्योंकि उसके किरदार में कई कमियां हैं और वो हमेशा सही फैसले नहीं लेता। मोहित के मुताबिक, यही बातें इस किरदार को दिलचस्प बनाती हैं। एक अभिनेता के तौर पर वो किसी भी किरदार को सही या गलत के नजरिए से नहीं देखते, बल्कि उसकी वजहों और भावनाओं को समझने की कोशिश करते हैं। 'मिर्जापुरः द मूवी' में एक बार फिर दर्शकों को कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना भैया की दुनिया देखने को मिल रही है। गुरमीत सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म वेब सीरीज की कहानी को सीधे आगे बढ़ाने के बजाय पहले सीजन की घटनाओं के बीच की एक अनकही कहानी दिखाती है।



युवराज ने बायोपिक पर दिया बड़ा अपडेट

मुंबई। स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 6 छक्के जड़ने से लेकर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को हराकर मैदान पर वापसी करने तक पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह की जीवन यात्रा प्रेरणादायक रही है। हाल ही में एक खास बातचीत में इस दिग्गज ऑलराउंडर ने अपनी फिटनेस और क्रिकेट के बाद की अपनी नई पारी पर खुलकर बात की। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित बायोपिक को लेकर भी बड़ा अपडेट साझा किया है। मिड डे के साथ हुई एक बातचीत में युवी ने अपनी कैंसर से जंग को याद करते हुए कहा, स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। एक समय मैं भी इस पर बात करने से डरता था कि कहीं मेरा क्रिकेट करियर खत्म न हो जाए, लेकिन मेरे सफर ने लोगों को प्रेरित किया। मानसिक सेहत बहुत महत्वपूर्ण है और मुश्किल दौर में परिवार व दोस्तों से बात करना बेहद जरूरी है।

टीवी मसाला



'बिग बॉस 20' की लव गिल संग नाम जुड़ने पर भड़के गुरप्रीत

मुंबई। सलमान खान के शो 'बिग बॉस 20' में नजर आ रहीं लव गिल और पंजाबी अभिनेता गुरप्रीत घुग्गी के कथित अफेयर की खबरें कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर छाई हैं। हालांकि, अब अभिनेता ने इन अफवाहों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। एक वीडियो स्टेटमेंट में विवाद पर बात करते हुए, गुरप्रीत ने इन दावों को अपनी इमेज खराब करने का एक कथित एजेंडा बताया और संकेत दिया कि वह मामले को कोर्ट में ले जाएंगे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो में उन्होंने कहा, आज, जब हम बोल पाएंगे, तो हम निश्चित रूप से इस पर बात करेंगे। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि यह संभव है कि मेरे खिलाफ कोई एजेंडा हो। उन्होंने लव के प्रति चिंता जताते हुए कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि यह संभव है कि मेरे खिलाफ कोई एजेंडा हो। लेकिन अगर वह लड़की, जिसने अभी अपना करियर शुरू किया है, जिसका एक परिवार है, आज उसकी क्या हालत होगी? गुरप्रीत ने बताया कि लव ने इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी थी। उन्होंने कहा, मैंने जब पता कराया तो पता चला कि उनकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। वो किस तरह के ट्रॉमा में होंगी? मैं तो तगड़ा बंदा हूं। दिमागी मजबूत हूं, सुसाइड नहीं करूंगा। मुझे नहीं पता कि मैं बर्बाद हो गया हूं या नहीं। लेकिन मैं एक इंसान हूं। उन्होंने सवाल किया व्यूज, पैसे और ऑनलाइन लोकप्रियता के लिए लोग क्यों ऐसा काम करते हैं। अभिनेता ने इशारा दिया कि इस मामले को कानूनी तौर पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वो बेबुनियाद हैं और कहा कि पुलिस अपना काम करेगी।

'बिग बॉस 20' से बेघर हुए आसिफ

'पंचायत' से लोकप्रिय हुए अभिनेता आसिफ खान चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' से बाहर होने की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। इस हफ्ते नामांकित सदस्यों में से सबसे कम वोट मिलने के कारण उनके बेघर होने की संभावना जताई जा रही है। मिर्जापुर' और 'पाताल लोक' जैसे मशहूर शोज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने वाले आसिफ के इस एविक्शन से उनके फैंस काफी हैरान हैं। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। इस हफ्ते नामांकित सदस्यों में स्काउटओप, लव गिल, आम्रपाली दुबे, गुल्लू (कुशल तंवर) और आसिफ खान शामिल थे। खबरों के अनुसार, आसिफ को सबसे कम वोट मिले हैं, जिससे 'बिग बॉस 20' में उनका सफर समाप्त हो गया है। अगर इन रिपोर्टों की पुष्टि होती है तो इस वीकेंड आसिफ शो से बाहर होने वाले अगले प्रतियोगी होंगे। इससे पिछले एलिमिनेशन में मैरी कॉम कम वोट मिलने के कारण शो से बेघर हुई थीं।

पंकज और अदिति की 'पारिवारिक मनुरंजन' ओटीटी पर देगी दस्तक

मुंबई। पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी पहली बार फिल्म 'पारिवारिक मनुरंजन' के जरिए साथ आ रहे हैं। यह एक हल्की-फुल्की पारिवारिक मनोरंजक ड्रामा है, जिसे जिसका टीजर कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर जारी हुआ था। अब फिल्म की ओटीटी रिलीज तारीख पर अपडेट आ गया है। रोमांस और ह्यूमर से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन वरुण वी शर्मा ने किया है। वहीं, निर्माता विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, हिमांशु किशन मेहरा और एलिसिया जफर हैं।



दिवाली के ठीक बाद ओटीटी पर आएगी फिल्म

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'पारिवारिक मनुरंजन' का प्रीमियर दिवाली के ठीक बाद 13 नवंबर, 2026 को सोनी लिव पर होगा। इसका लुत्फ सब्सक्रिप्शन यूजर्स उठा सकते हैं। फिल्म के टीजर में पारिवारिक संबंधों, बॉन्ड और लोगों को एक साथ लाने वाली रोजमर्रा की परिस्थिति के बारे में एक हल्की-फुल्की कहानी की झलक पेश की गई है। निर्माता इसके जरिए एक ऐसी कहानी दर्शकों के लिए लाए हैं, जिसे वह अपने प्रियजनों के साथ देख सकेंगे।

रणबीर की 'रामायण' में नहीं चली सेंसर बोर्ड की कैंची...

मुंबई। रणबीर कपूर, यश और साई पल्लवी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' 5 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी ये पौराणिक फिल्म दिवाली से ठीक पहले रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज में हफ्ते भर से भी कम समय बचा है, इस बीच सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे सेंसर प्रमाणपत्र दे दिया है। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, फिल्म की सेंसर प्रक्रिया 30 अक्टूबर को पूरी हो गई है।

बिना कट के पास हुई 'रामायण'

सेंसर बोर्ड ने 'रामायण' को बिना किसी कट के यू सर्टिफिकेट दिया है यानी इसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सकता है। फिल्म की कुल लंबाई 3 घंटे 15 मिनट होगी। बोर्ड के मुताबिक, रावण के अत्याचार बढ़ने पर भगवान विष्णु श्रीराम के रूप में जन्म लेते हैं। पिता का वचन निभाने के लिए राम, सीता और लक्ष्मण वनवास जाते हैं। वहां रावण सीता का हरण कर लेता है, जिसके बाद राम और रावण के बीच युद्ध होता है।



6 भाषाओं और 5 बड़े फॉर्मेट्स में रिलीज होगी 'रामायण'


नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म 'रामायण' का निर्माण नमित मल्होत्रा (प्राइम फोकस स्टूडियोज) और यश (मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस) ने मिलकर किया है। इस भव्य फिल्म में सनी देओल, रवि दुबे, रकुल प्रीत सिंह, अरुण गोविल और लारा दत्ता जैसे कई सितारे नजर आएंगे। ये फिल्म हिंदी, तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम और अंग्रेजी में सभी स्क्रीन फॉर्मेट में व सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रही है।

'रामायण' के खौफ से टली 'गोडजिला' की रिलीज

'रामायण' के भारत में आईमैक्स 3डी में रिलीज होने से स्क्रीन्स की भारी मांग है। सिनेमाघरों की पहली पसंद 'रामायण' होने के कारण 'गोडजिला माइनस जीरो' की रिलीज टलकर 20 नवंबर हो सकती है, क्योंकि दूसरी फिल्मों को पर्याप्त स्क्रीन नहीं मिल पा रही हैं। इसी बीच, 4 नवंबर को 'रामायण' के करीब 300 स्पेशल (पेड प्रीव्यू) शो दिखाए जाएंगे, जिससे रिलीज से पहले ही बंपर कमाई की उम्मीद है।

आइफा अवॉर्ड्स 2026: 'धुरंधर' का बजा डंका अनीत पड्डा और राशा थडानी ने भी मारी बाजी

मुंबई। आइफा अवॉर्ड्स 2026 के विजेताओं की सूची जारी हो गई है, जिसमें फिल्म 'धुरंधर' का दबदबा देखने को मिला। रणवीर सिंह को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अक्षय खन्ना को नकारात्मक किरदार के लिए अवॉर्ड मिला, वहीं फिल्म के निर्देशक आदित्य धर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, कहानी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग के लिए सम्मानित किया गया। शानदार अभिनय और मनोरंजन से भरपूर इस शाम में अहान पांडे और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बेस्ट डेब्यू का अवॉर्ड अपने नाम किया।



अनीत बनीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राशा-अहान को मिला बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड

आइफा अवॉर्ड्स 2026 में फिल्म 'सैयारा' के लिए अनीत पड्डा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया, जबकि रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी को 'आजाद' के लिए बेस्ट फीमेल डेब्यू का अवॉर्ड मिला। अहान पांडे को 'सैयारा' के लिए बेस्ट मेल डेब्यू का पुरस्कार दिया गया। हुमा कुरैशी को 'जॉली LLB 3' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री चुना गया, वहीं सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक सिंगर का पुरस्कार श्रेया घोषाल को तो सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म का पुरस्कार 'अवतारः फायर एंड ऐश' को मिला।

छाई 'धुरंधर', फिल्म ने जीते 12 पुरस्कार

'धुरंधर' ने आइफा अवॉर्ड्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पुरस्कार अपने नाम किए हैं। फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म से लेकर सर्वश्रेष्ठ निर्देशक तक कई बड़े पुरस्कार जीते। रणवीर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और संजय दत्त को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता चुना गया, वहीं अक्षय खन्ना को नेगेटिव रोल के लिए सम्मान मिला। आदित्य धर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, ओरिजिनल स्टोरी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग के लिए तो फिल्म को सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन, सिनेमैटोग्राफी, एडिटिंग और साउंड डिजाइन का पुरस्कार भी मिला।

दिलजीत और डैडी ने नए पंजाबी-स्पेनिश गाने 'पोकीतो' के लिए मिलाया हाथ



मुंबई। पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने प्यूर्टो रिको के गायक डैडी यांकी से हाथ मिला लिया है। दोनों कलाकार 'पोकीतो' नाम का एक गाना लेकर आए हैं, जो पंजाबी और स्पेनिश भाषा का एक धमाकेदार कोलैबरेशन है। इस गाने में पंजाबी और स्पेनिश बोलों का मिश्रण है और वीडियो में दोनों जगहों की संस्कृति को दर्शाया गया है। गाने को दोनों कलाकारों ने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया है।

गाने में दिखा दोनों गायकों का खास अंदाज

शुक्रवार को रिलीज हुए इस गाने पर खबर लिखे जाने तक 25 लाख से ज्यादा व्यू हो चुके हैं। गाने की शुरुआत दिलजीत पंजाबी बोल से करते हैं, जिसके बाद डैडी यांकी अपने खास लैटिन अंदाज में गाते नजर आते हैं। बार-बार आने वाला हुक, 'पोकीतो आ पोकीतो' गाने का खास हिस्सा है, जो दोनों भाषाओं को आपस में जोड़ता है। इस गाने से दिलजीत के संगीत कोलैबरेशन की बढ़ती सूची में एक और अंतरराष्ट्रीय नाम जुड़ गया है।

जुरेल और पडिक्कल का जलवा, न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ मजबूत स्थिति में भारत 'ए'

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

कप्तान ध्रुव जुरेल के नाबाद 99 रन और देवदत्त पडिक्कल के 80 रन की मदद से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन शनिवार को 7 विकेट पर 291 रन बनाए। जुरेल 155 गेंद में 99 रन बनाकर और आकाश दीप 25 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

दोनों अभी तक आठवें विकेट की साझेदारी में 69 रन जोड़ चुके हैं। लंच के समय भारत ए का स्कोर एक विकेट पर 87 रन था। यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की चौथी गेंद पर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट ने पगबाधा आउट किया। लंच के बाद पहले ओवर में साइ सुदर्शन (41) आउट हो गए, जिन्हें तेज गेंदबाज जेरोड मैकी ने विकेट के पीछे मिचेल हे के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने दूसरा छोर संभालकर 101 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



भारत के 7 रन पर गिरे 3 विकेट

भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर 131 रन था लेकिन न्यूजीलैंड ने 7 रन के भीतर 3 विकेट चटकाए। यश राठौड़ (13) पहले आउट हुए और उनके बाद पडिक्कल का विकेट गिरा। रविचंद्रन स्मरण को शीट ने पगबाधा आउट किया। वॉशिंगटन सुंदर को भी शीट ने ही पवेलियन भेजा। जुरेल और मानव सुतार (22) ने सातवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 93 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

शतक से एक रन दूर जुरेल

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 291 रन बना लिए हैं। कप्तान जुरेल अपने शतक से मात्र 1 रन दूर हैं। जुरेल 155 गेंदों पर 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 99 रन पर नाबाद हैं। उनके साथ आकाश दीप 58 गेंदों पर 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड की तरफ से फ्रेजर शेट से 4 विकेट लिए हैं। ब्रेट रैंडेल, जारोड मैके और जेडन लेनोक्स ने 1-1 विकेट लिए हैं।



जायसवाल का तीसरा फ्लॉप शो

एक तरफ जहां पडिक्कल ने अपनी बल्लेबाजी से छाप छोड़ी, वहीं सीनियर टीम के नियमित ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। यशस्वी मैच की पहली ही ओवर में फ्रेशर शीट की गेंद पर खाता खोले बिना चार गेंदों में शून्य पर आउट हो गए। आगामी न्यूजीलैंड सीरीज से पहले उनका यह लगातार तीसरा फ्लॉप शो है। इससे पहले उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी महज 17 और 5 रन बनाए थे।

डक पर आउट हुए रविचंद्रन

भारतीय मध्यक्रम की शुरुआत इस मैच में कुछ खास नहीं रही। पडिक्कल के आउट होने के ठीक बाद मैदान पर उतरे स्मरण रविचंद्रन भी अपनी पहली ही गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर गोल्डन डक का शिकार बन गए। वहीं पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाने वाले विदर्भ के यश राठौड़ से भी बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन वे भी मात्र 13 रन बनाकर चलते बने, जिससे भारतीय पारी बीच में लड़खड़ाती नजर आई।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां मैच आज, सूर्यवंशी की वापसी संभव

हार के बाद बदलाव की राह पर भारत आखिरी टी-20 में नई टीम इलेवन!

एजेंसी ▸▸ हैमिल्टन

अपने स्थापित खिलाड़ियों का हमेशा समर्थन करने वाला भारतीय टीम प्रबंधन आकलैंड में पिछले मैच में मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में अंतिम एकादश में बदलाव कर सकता है। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढत बना ली है लेकिन विश्व चैंपियन टीम 5 मैचों की श्रृंखला से आखिरी मैच हारकर विदा नहीं लेना चाहेगी।

ऐसे में वैभव सूर्यवंशी की वापसी संभव है और उस दशा में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। सैमसन ने इस श्रृंखला में 67, 14, 18, 4 रन बनाए हैं। टीम प्रबंधन का उन्हें पूरा समर्थन हासिल है लेकिन एक ब्रेक से वह खोई लय हासिल कर सकते हैं।

लय हासिल करना चाहेंगे अय्यर

हाल ही में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन खुद श्रेयस का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वे लोगों का ध्यान खींचने में नाकाम रहे। अय्यर ने टी20 में पहला शतक जमाने के बाद अगले 8 मैचों में 40, 1, 16, 22, 42, 7, 5, 22 रन बनाए। यहां अच्छी पारी खेलकर वह भी लय हासिल करना चाहेंगे। अय्यर के नाकाम रहने से निचले क्रम में नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया।



भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर

गेंदबाजी में दूसरे और तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को 200 रन से कम पर रोकने के बावजूद भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर हुई हैं। भारत अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल पर विकेटों के लिये काफी निर्भर रहा है । चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर कुमार अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। भुवनेश्वर ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और उनका इकॉनॉमी रेट 12 के आसपास रहा है। अर्शदीप अकेले भारतीय गेंदबाज हैं, जिनका इकॉनॉमी रेट इस श्रृंखला में 10 से कम रहा है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में धार देने के लिए कुलदीप यादव या वरुण चक्रवर्ती को टीम में लाना होगा, जिसके लिए धीर को बाहर रहना पड़ सकता है। तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा को भी बैकअप गेंदबाजों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन उनके महंगे साबित होने का खतरा है।

आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कीवी टीम

न्यूजीलैंड टीम पांच मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले आखिरी मैच जीतकर आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी। अगले साल अफ्रीका में होने वाले आईसीसी विश्व कप से पहले यह वनडे श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे आकिब नबी

4 नवंबर को आकलैंड में पहला मैच



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तेज गेंदबाज आकिब नबी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 3 वनडे मैचों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पांच मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। नबी चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में थे लेकिन अब वह पहले मैच से ही चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 4 नवंबर को आकलैंड में खेला जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा,' दाहिने हाथ के इस तेज गेंदबाज को चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुना गया था लेकिन अब वह वनडे श्रृंखला की शुरुआत से टीम में होंगे।' जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज नबी ने हाल ही में लिंकन में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए के लिए चार दिवसीय मैच खेलकर दो पारियों में 6 विकेट लिए थे।

पहले तीन वनडे के लिए टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, अक्षर पटेल, नमन धीर, अंशुल कम्बोज, गुरनूर बरार, रूतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी (सिर्फ पहला वनडे), आकिब नबी।

चौथे और पांचवें वनडे के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ईशान किशन, अक्षर पटेल, नमन धीर, गुरनूर बरार, रुतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर, कुलदीप यादव।

खबर संक्षेप



ग्वांगझोउ ओपन : वीनस की डब्ल्यूटीए टूर में हार

ग्वांगझोउ। अमेरिकी टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को 8 साल बाद डब्ल्यूटीए टूर के किसी सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। ग्वांगझोउ ओपन के विमेंस डबल्स सेमीफाइनल में वह इंडोनेशिया की जेनिस त्जेन के साथ हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। 1 घंटे 45 मिनट तक चले इस मुकाबले में उन्हें 6-4, 6-7 (8), 10-6 से शिकस्त मिली। 2016 के ओलंपिक और विंबलडन के बाद से यह विलियम्स का पहला डब्ल्यूटीए टूर डबल्स सेमीफाइनल था। साथ ही, 2018 के इंडियन वेल्स के बाद यह उनका पहला सेमीफाइनल था।

विदर्भ की तरफ से खेलेंगे आदित्य ठाकरे


नागपुर। दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने मध्यप्रदेश के खिलाफ 2 नवंबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी मैच के लिए विदर्भ टीम में यश ठाकुर की जगह ली है, जो भारतीय टीम में चुने गए हैं।



दो बार की रणजी चैंपियन विदर्भ टीम जामथा के वीसीए स्टेडियम पर ग्रुप ए का यह मैच खेलेगी। ठाकुर को न्यूजीलैंड में चौथे और पांचवें टी20 मैच के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, जिससे वह यह मैच नहीं खेल सकेंगे।

पैन पैसिफिक ओपन

फाइनल में लेयला अब डायना से भिड़ंत



एजेंसी ▸▸ टोक्यो

कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने पैन पैसिफिक ओपन सेमीफाइनल में कामिला राखीमोवा को हराकर इस साल के अपने तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला डायना श्नाइडर से होगा, जो मिया पोहानकोवा को हराकर खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। फर्नांडीज ने दोनों सेट में ब्रेक डाउन के बाद राखीमोवा को एक घंटे 54 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5, 6-3 से हराया। तीसरे गेम में पहले सेट में 1-3 से पीछे चल रही थीं, लेकिन छठे गेम में उन्होंने इसे वापस हासिल करके स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों ने अपनी सर्विस बनाए रखी, इससे पहले कि कनाडाई खिलाड़ी ने 12वें गेम में निर्णायक ब्रेक लेकर पहला सेट 59 मिनट में 7-5 से जीत लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में ही उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दीं। उन्होंने चौथे गेम में उज्बेक खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-2 की बराबरी कर ली, फिर ब्रेक लेकर 5-3 की बढ़त बना ली और 49 मिनट के दूसरे सेट में होल्ड के साथ गेम खत्म किया।

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

ढाका। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के नाबाद 81 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 8 विकेट से शिकस्त देकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश की दूसरी पारी 142 रन पर सिमट गई, जिससे वेस्टइंडीज को जीत के लिए 170 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 2 विकेट गंवाकर हासिल कर ली। कैरेबियाई स्पिनरों के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसने अपने आखिरी 9 विकेट गंवाकर केवल 169 रन की बढ़त हासिल की। कप्तान रोस्टन चेज ने अपनी चतुराई भरी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से 36 रन देकर पांच विकेट झटके। पहली पारी में 53 रन देकर 5 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 63 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। चौथे दिन खराब होती पिच पर खराब रोशनी, बारिश और बिजली चमकने के कारण खेल कई बार बाधित हुआ। इसके बावजूद वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और किंग ने स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक रवैया अपनाने के बजाय आक्रामक बल्लेबाजी की।

रबाडा ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए सबसे तेज 350 विकेट

एजेंसी ▸▸ केपटाउन

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में इतिहास रच दिया है। रबाडा टेस्ट में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 350 विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं।

रबाडा ने यह मुकाम 13,808 गेंद फेंककर हासिल किया है। उन्होंने इस मामले में डेल स्टेन को पीछे छोड़ा है। स्टेन ने यह उपलब्धि 14,719 गेंद फेंककर हासिल की थी। रबाडा साउथ अफ्रीका की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने हैं। उनसे पहले टीम की तरफ से यह मुकाम डेल स्टेन, शॉन पोलॉक और मखाया एंटिनी ही हासिल कर सके हैं।



रबाडा ने की मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी

रबाडा ने यह मुकाम अपने 75वें टेस्ट में हासिल करते हुए वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाज मैल्कम मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी की। मार्शल ने भी अपने टेस्ट करियर के 75वें मुकाबले में 350 विकेट पूरे किए थे। रबाडा मैचों के लिहाज से टेस्ट में सबसे तेज 350 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज बने हैं। रबाडा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट भी पूरे कर लिए हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले साउथ अफ्रीका के पांचवें गेंदबाज बने हैं। उन्होंने अपने करियर के 260वें मैच में यह मुकाम हासिल किया। साउथ अफ्रीका की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड शॉन पोलॉक के नाम है, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 823 विकेट निकाले हैं।

एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी थीं मनीषा

लॉस एंजिलिस ओलंपिक पदक पर मनीषा की नजरें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की पहली महिला विश्व चैंपियन बनी मनीषा भानवाला की नजरें 2005 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में पदक जीतने पर है और इस अनुभवी पहलवान की ताकत उनके पिता है, जो उनके दिल में बसते हैं। 29 वर्ष की मनीषा ने कजाखस्तान के अस्ताना में इतिहास रच दिया जब वह सीनियर कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई।

एशियाई खेलों की नाकामी की बखूबी भरपाई करते हुए उन्होंने कैरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी मनीषा ने अपने कोच वीरेंदर दहिया की सलाह मानकर विश्व चैंपियनशिप पर पूरा फोकस रखा,जिसकी उन्हें फायदा मिला।



वजन कम करने के लिए मिला कम समय

मनीषा ने कहा,' एशियाई खेलों में किस्मत ने साथ नहीं दिया। मैं कोच से कुश्ती, अभ्यास और रिकवरी के बारे में पूछती रही। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप होना चाहिए। मुझे अभी भी याद है कि उन्होंने कहा था कि ईश्वर ने मेरे लिए कुछ बड़ा सोच रखा है।' एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में भाग लेने के बाद विश्व चैंपियनशिप में वह 59 किलो में उतरी। उनका मानना है कि दोनों टूर्नामेंटों के बीच में अंतर कम रहने से उन्हें रिकवरी और वजन कम करने के लिए काफी कम समय मिला। उन्होंने कहा,' मुझे एशियाई खेलों में पदक जीतने का यकीन था। मुझे पता था कि विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। दस दिन में वजन कम करना कठिन था तो मुझे लगा कि 59 किलो सही रहेगा।'

पिता ने निभाई कैरियर में अहम भूमिका

'मनीषा के लिए यह जीत पदक से कहीं अधिक मायने रखती है। उन्हें कुश्ती में उतारने वाले पिता ने उनके कैरियर में अहम भूमिका निभाई लेकिन 2022 में उनका निधन हो गया। विश्व चैंपियनशिप फाइनल से पहले उन्होंने अपने पिता की याद में एक खास टीशर्ट पहना था। मनीषा ने कहा,' मैं बता नहीं सकती कि मेरे पिता की कितनी बड़ी भूमिका रही है। मैं उनसे बात करती रहती हूं मानो वह मेरे भीतर हों। वह मेरे दिल में बसते हैं और मेरे जीवन का हिस्सा हैं।' उन्होंने कहा,'मेरे पिता ने सिखाया कि या तो कोई काम शुरू मत करो और करो तो पूरा करके ही दम लो। यह मेरे खून में है। कुश्ती मेरे लिए पहला और आखिरी विकल्प है। इसने मुझे जीवन, नाम और जीने का सामर्थ्य दिया।'

अयोध्या में दीपोत्सव-2026 के दौरान दिखेगा अदभुत नजारा

2100 एरियल ड्रोन शो से आसमान में जीवंत होगी रामायण की गाथा, रोशनी का भव्य उत्सव दिखाई देगा, 15 खास ड्रोनों के फॉर्मेशन प्रदर्शित किए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

दीपोत्सव-2026 के दौरान दीयों की रोशनी से जगमगाने वाली रामनगरी का आसमान इस बार भी अद्भुत दृश्य का साक्षी बनेगा। दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2026 में पर्यटन विभाग की ओर से भव्य एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। अयोध्या में 07 नवंबर को जब दीपों की रोशनी से सरयू तट जगमगाएगा, तब आसमान में भी रोशनी का एक भव्य उत्सव देखने को मिलेगा। दीपोत्सव-2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस बार नए कलेवर में एरियल ड्रोन शो प्रस्तुत करेगा। इसमें राम दरबार, पुष्पक विमान और रामायण के प्रमुख प्रसंग आसमान में जीवंत होते नजर आएंगे।

राम की नगरी में 07 नवंबर को रामायण के कई प्रसंग आधुनिक रूप में दिखाई देंगे



'मेड इन इंडिया' ड्रोन 15 मिनट तक दिखाएंगे करतब

'मेड इन इंडिया' तकनीक से निर्मित 2,100 ड्रोन 07 और 08 नवंबर को आसमान में उड़ान भरेंगे। करीब 15 मिनट तक चलने वाले इस शो में कम से कम 15 अलग-अलग ड्रोन फॉर्मेशन प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें आधे से अधिक फॉर्मेशन पिछले वर्ष की प्रस्तुति से अलग होंगे।श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भव्य नजारे दिखाई देंगे।

कई अलग दृश्य आएंगे नजर

इस बार एरियल ड्रोन शो में भी नवीनता पर खास जोर रहेगा। स्टोरीबोर्ड, स्क्रिप्ट, संगीत और वॉयस ओवर से लेकर आसमान में बनने वाली ड्रोन आकृतियों तक को पहले से अलग रखा जाएगा। 15 विशेष ड्रोन फॉर्मेशन तैयार किए जाएंगे। अधिकतर आकृतियां पिछले दीपोत्सव में दिखाए गए फॉर्मेशन से पूरी तरह नई होंगी।

पात्रों और कथा प्रसंगों को आकर्षक दृश्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हर वर्ष अयोध्या के दीपोत्सव को नई भव्यता देने का प्रयास किया जाता रहा है। इस बार भी एरियल ड्रोन शो में रामायण के प्रमुख पात्रों और कथा प्रसंगों को आकर्षक दृश्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। ड्रोन से बने फॉर्मेशन के जरिए वीर मुद्रा में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान, रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार, हनुमान, महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास जैसे प्रसंग जीवंत होंगे। इसके साथ राम मंदिर, दीपोत्सव, उत्तर प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग के लोगो भी आकाश में प्रदर्शित किए जाएंगे। संगीत, रोशनी और विभिन्न दृश्यात्मक प्रभावों का तालमेल शो को भव्य रूप देगा। वॉयस ओवर और संगीतमय नैरेशन का विशेष समायोजन देखने को मिलेगा।

इस वर्ष ड्रोन की संख्या बढ़ाई गई

'उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ड्रोन शो की लोकप्रियता को देखते हुए हर वर्ष इसकी भव्यता बढ़ाने पर जोर दिया है। इस वर्ष ड्रोन की संख्या बढ़ाकर 2,100 कर दी गई है अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि हमारा प्रयास है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक दीपोत्सव की भव्यता के साथ एक अविस्मरणीय अनुभव लेकर लौटें।

खबर संक्षेप

राम मंदिर में सुबह 7 बजे से होंगे दर्शन

अयोध्या। ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रख श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीरामलला की दैनिक



पूजा, आरती, भोग, विश्राम एवं दर्शन की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। अभी मंदिर के पट सुबह 3:45 बजे खुलते हैं और रात 10:30 बजे बंद होते हैं। अब यह समय क्रमशः सुबह 4 बजे और रात 10 बजे होगा। 7 बजे से दर्शन होंगे।

पालघर में 5वीं मंजिल से गिरी लिफ्ट, 7 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर से एक रिहाइशी इमारत में 5वीं मंजिल से लिफ्ट के नीचे गिर जाने से 7लोग



घायल हो गए। लिफ्ट की क्षमता केवल 5लोगों की थी।यह घटना दोपहर करीब 2 बजे पाटनकर पार्क इलाके में स्थित धनंजय एवेन्यू बिल्डिंग में हुई। घटलों में, 4 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें भर्ती कराया गया है।

निर्देशक संजय का 57 साल की उम्र में निधन

मुंबई। फिल्ममेकर संजय गुप्ता का 30 अक्टूबर को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। उनके सिर में



गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। वह 57 साल के थे।'काबिल', 'शूटआउट एट वडाला', 'कांटे', 'मुंबई सागा' जैसी फिल्मों को डाइरेक्ट करने वाले निर्देशक इस दुनिया को छोड़कर जा चुके हैं।

आंध्र प्रदेश में क्लास में घुसकर गला रेता

अनंतपुर। एकतरफा प्रेम प्रसंग में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार सुबह एक युवक आरी



लेकर राप्टाडु स्थित जिला परिषद हाई स्कूल की कक्षा में घुसा और 10वीं की छात्रा पर हमला कर उसका गला रेत दिया। उसकी पहचान धर्मावरम के रहने वाले हेमंत उर्फ डुम्मू (21 वर्ष) के रूप में हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एकतानगर को दी 400 करोड़ रुपए की सौगात

पर्यटन स्थल होंगे विशेष तो आकर्षित होंगे लोग, स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट व ईको ट्रेल समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया



एजेंसी ▶▶ एकता नगर

पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं



एकता नगर के परेड ग्राउंड में सलामी लेते पीएम मोदी

2 एकड़ में बना विशेष होटल

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने एकतानगर में बड़ी सुविधाएं दी हैं। अब यहां घूमने, ठहरने और मनोरंजन की सुविधाएं बेहतर होने जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एकतानगर में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया और कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन में 127 कमरों वाला आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और ईको ट्रेल, नर्मदा घाट का विकास और जल-सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। रेलवे स्टेशन के पास आईआरसीटीसी ने करीब 52.50 करोड़ से 127 कमरों वाला आधुनिक होटल तैयार किया है। करीब 2 एकड़ में बने इस होटल में 4 श्रेणियों के कमरे, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, बैंक्वेट हॉल, कॉन्फ्रेंस सुविधाएं और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

ठहरने का खास विकल्प मिलेगा

स्टेशन के नजदीक होने से ट्रेन से आने वाले यात्रियों को यहां पहुंचने में आसानी होगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने अब तक 3 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। ऐसे में होटल की नई सुविधा से पर्यटकों को ठहरने का एक और ऑप्शन मिलेगा। इससे उम्मीद है कि लोग एकतानगर में अधिक समय बिताएंगे और आसपास के पर्यटन स्थलों को भी फायदा होगा।

रेनफॉरेस्ट, ईको ट्रेल और नर्मदा घाट का विकास

पर्यटन को बढ़ावा देने रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल से जुड़े प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं। नर्मदा घाट के उन्नयन और क्षेत्र में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था से भी खूबसूरती बढ़ाने की योजना है। पर्यटकों को बेहतर अनुभव देना है।

इन नई परियोजनाओं की भी रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री ने कई अन्य विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी। इनमें गोरा-भद्र रोड का विकास, इंटीग्रेटेड जीरो वेस्ट स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट और खलवानी ईको टूरिज्म डेवलपमेंट शामिल हैं। इसके अलावा कैक्टस और बटरफ्लाई गार्डन के एकीकृत विकास की योजना भी है।

अन्य व्यवसायों में भी होगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से एकतानगर में पर्यटन गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। होटल और पर्यटन सुविधाओं के संचालन से रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। वहीं, पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय दुकानदारों, टैक्सी चालकों, होटल कारोबारियों और खानपान से जुड़े व्यवसायों को भी लाभ मिल सकता है।

एकता दिवस परेड में शामिल हुए प्रधानमंत्री

सरदार पटेल के फैसलों ने देश को एकजुट किया

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अहम भूमिका निभाई। एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। इस अवसर पर मैं राष्ट्रीय एकता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं सरदार वल्लभभाई पटेल के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

'सरदार' ने राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में पिरोया

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में भी पिरोया। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत भी की थी। इस महान कार्य के 75 वर्ष इस वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ का ध्वज तमाम आक्रांताओं की मंशा को नाकाम कर स्वाभिमान के साथ लहरा रहा है।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती

शाह ने निकाली 'एकता दौड़' नशामुक्त भारत का लक्ष्य रखा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत आयोजित 'एकता दौड़' का शुभारंभ किया। उन्होंने देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। शाह ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भारत का इतिहास बदला, बल्कि देश के भूगोल की संरचना भी की। अनेक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया। पटेल ने मात्र 1218 दिनों में अखंड भारत की रचना कर वह कर दिखाया, जिसे दुनिया असंभव मानती थी।

370 हटाना, नक्सलवाद समाप्ति बड़ी उपलब्धि

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ना, देश से नक्सलवाद समाप्त करना और एक देश, एक कर प्रणाली लागू करना शामिल है।

विविधता हमारी कमजोरी नहीं, सबसे बड़ी ताकत

शाह ने कहा कि भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और पारंपरिक विविधता देश की कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। यही सरदार पटेल का संदेश था।

सरदार को मिला वैश्विक सम्मान

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की परिकल्पना की और उसका शिलान्यास किया। इस प्रतिमा ने पूरे देश के सामने सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व को अपने नेतृत्व में प्रतिष्ठित भी किया।

490 पुलिसकर्मियों को 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक'

विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के 490 कर्मियों को शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' प्रदान करने की घोषणा की गई। इसमें सीबीआई के 14 अधिकारी भी हैं। यह पदक राज्यों के पुलिस बलों, सुरक्षा संगठनों, खुफिया इकाइयों, शाखाओं एवं विशेष शाखाओं, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को मिलेगा।

नड्डा ने कर्तव्य भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सरदार की जयंती पर स्वास्थ्य मंत्रालय तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कर्तव्य भवन-1 में समारोह में अधिकारियों ने एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।

वाराणसी से स्लीपर वंदेभारत शुरू

9 घंटे में दिल्ली पहुंचेगी प्रमुख 4 स्टेशनों पर रुकेगी

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



सीएम योगी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी से वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है, जो काशी से दिल्ली के बीच दौड़ेगी। सफर करीब 9 घंटे में पूरा होगा। ट्रेन प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़ और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी। शुक्रवार और दिल्ली से शनिवार को नहीं चलेगी। पूरी तरह एसी इस ट्रेन में 16 कोच हैं। इसमें 823 यात्री सफर कर सकेंगे। ट्रेन में फर्स्ट एसी का 1, सेकंड एसी के 4 और थर्ड एसी के 11 कोच हैं। योगी और वैष्णव ने इसका निरीक्षण किया। दोनों ने लोको पायलट से बातचीत की। वैष्णव ने योगी को ट्रेन की खूबियां भी बताईं। दोनों कोच में मौजूद स्कूली बच्चों से मिले। छात्र की 'बनारस विकसित भारत' की पेंटिंग को दोनों ने सराहा।

भाजपाध्यक्ष नवीन आज रोहतक में

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को हरियाणा के रोहतक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। यह विपक्ष के खिलाफ भाजपा के देशव्यापी अभियान का हिस्सा है। नवीन ऐसे दिन विपक्ष के खिलाफ भाजपा की पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे, जब 'इंडिया' गठबंधन दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर और कथित वोट चोरी के खिलाफ रैली करेगा। पार्टी विपक्ष के कथित 'भ्रामक सूचनाओं, दुष्प्रचार और सुनियोजित अराजकता' के खिलाफ यह पदयात्रा निकाल रही है। पदयात्रा छोटू राम पॉलिटेक्निक मैदान से शुरू होगी और मॉडल टाउन स्थित डी-पार्क पर समाप्त होगी। नवीन बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देंगे। यह हताश विपक्ष के झूठ, साजिशों के खिलाफ वैचारिक आंदोलन है।

नासिक में सिंहस्थ महाकुंभ का शुभारंभ



नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में सिंहस्थ महाकुंभ के ध्वज स्तंभ पूजन, ध्वजा पूजन और ध्वजारोहण समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

सीबीएसई ने जारी किया नया सर्कुलर

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किया बदलाव

9वीं के सिलेबस से समाज में व्यक्ति कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई हटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सीबीएसई शैक्षणिक-सत्र 2026-27 कक्षा 9वीं में पढ़ रहे छात्रों के सिलेबस में बदलाव किया गया है।

बोर्ड की ओर से 29 अक्टूबर को एक सर्कुलर जारी किया। अब सिलेबस से समाज में व्यक्ति, कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई विषय को हटाया गया है जब इसी बैच के छात्र बोर्ड परीक्षा यानी शैक्षणिक सत्र 2027-28 में शामिल होंगे, तब उन्हें पर्यावरण शिक्षा विषय नहीं पढ़ना होगा। यह नियम वर्तमान में कक्षा 10वीं में पढ़ रहे छात्रों पर लागू नहीं होगा।

10वीं में इन 5 विषयों को पढ़ना होगा



शैक्षणिक सत्र 2027-28 के 10वीं के छात्रों को 5 विषयों की परीक्षा देनी होगी। इनमें गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, पहली भाषा और दूसरी भाषा विषय शामिल हैं। 9वीं के छात्रों को अगले साल इन 5 विषयों की परीक्षा देनी होगी।

स्किल एजुकेशन अनिवार्य

22 कौशल विषयों रिटेल, सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, ऑटोमोटिव, वित्तीय बाजार, पर्यटन का परिचय, सौंदर्य और वेलनेस, कृषि में एक अनिवार्य है।

एडवांस्ड गणित और विज्ञान विषय चुनने का विकल्प

सीबीएसई ने एडवांस्ड स्तर पर गणित और साइंस विषय चयन करने का विकल्प भी दिया है।


अयोध्या में राम मंदिर की जमीन के सर्वे की मांग

सुप्रीम कोर्ट कल इस याचिका पर करेगा सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जमीन की सीमाएं तय करने, पुराने नक्शों, चढ़ावे और दस्तावेज की जांच की मांग

अयोध्या में बने राम मंदिर की जमीन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की गई है। इसमें



मांग की गई है कि एक स्वतंत्र समिति या आयोग बनाकर यह जांच कराई जाए कि राम मंदिर ठीक उसी जमीन पर बना है या नहीं, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में अपना फैसला सुनाया था। याचिका में जमीन की सही सीमाएं तय करने, पुराने नक्शों और दस्तावेजों की जांच करने के साथ मंदिर में आने वाले चढ़ावे का हिसाब-किताब पारदर्शी बनाने की भी मांग की गई है।



भूमि की सही पहचान की जाए

याचिका में कहा गया है कि विवादित जमीन की सही पहचान और उसकी सीमाओं का स्वतंत्र सर्वे कराया जाना चाहिए। इसके लिए जमीन के नक्शे, भौगोलिक निर्देशांक, क्षेत्रफल और वास्तविक स्थिति की जांच जरूरी बताई गई है। याचिकाकर्ता चाहता है कि अदालत ऐसे विशेषज्ञों की समिति या आयोग बनाए।

खातों की कैग से जांच कराई जाए

याचिका में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा मंदिर में मिलने वाले दान, चढ़ावे और रसीदों का रोजाना डिजिटल रिकॉर्ड रखने और उसका ब्योरा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने की मांग की गई है। खातों का हर साल भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से ऑडिट कराया जाए।

2019 में दिया था फैसला

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या जमीन विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इस फैसले में विवादित 2.77 एकड़ जमीन राम मंदिर निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट को सौंपने का रास्ता साफ किया गया था। केंद्र को सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या में किसी प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ वैकल्पिक जमीन देने का निर्देश दिया गया था।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in